दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। मंगलवार 05 अगस्त-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 227 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य: ₹3




## 11 बार के सांसद, तीन बार के सीएम रहे शिबू सोरेन का निधन



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन अब नहीं रहे। झारखंड के ह्यगुरुजीह्न या ह्यदिशोम गुरुह्न के नाम से फेमस शिबू सोरेन का आज निधन हो गया। शिबू सोरेन ने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 4 अगस्त को 2025 को आखिरी सांस ली। उनकी उम्र 81 साल थी।

वह लंबे वक्त से सर गंगाराम अस्पताल में एडमिट थे। जैसे ही उनके निधन की खबर आई, झारखंड समेत पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। वह जेएमएम यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक थे और अलग झारखंड आंदोलन के अगुआ थे। अब सवाल है कि आखिर शिबू सोरेन का निधन कैसे हो गया, आखिर उन्हें हुआ क्या था, वह कब से दिल्ली के अस्पताल में एडमिट थे?

दरअसल, झारखंड के ह्यदिशोम गुरुह्न शिबू सोरेन का निधन एक तरह से झारखंड की सियासत के एक युग का अंत है। आज सुबह 8 ।48 बजे दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में उनका निधन हुआ। वह नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती थे। वह तीन बार के सीएम रह चुके थे। वह काफी दिनों से बीमार थे। शिबू सोरेन लंबे समय से बीमार थे और दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 19 जून 2025 से भर्ती थे। उनकी मृत्यु की खबर ने झारखंड की राजनीति और आदिवासी समाज में शोक की लहर दौड़ा दी है।

उनके निधन पर बेटे हेमंत सोरेन ने दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मैं आज शून्य हो गया है। गुरुजी हमसबको छोड़कर चले गए।

## शिक्षक भर्ती में अब पहले बिहारी और फिर बाहरी को मौका

**पटना।** बिहार में शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल नीति लागू होगी । अब पहले बिहारी फिर बाहरी को मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ट्वीट कर जानकारी दी। अपने एक्स पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह टीआरई -4 से ही लागू किया जाएगा। वर्ष 2025 में टीआरई -4 एवं वर्ष 2026 में टीआरई -5 का आयोजन किया जाएगा। टीआरई -5 के आयोजन के पूर्व एसटीईटी का आयोजन करने का भी निदेश दिया गया है।

बिहार में डोमिसाइल नीति को लागू करने की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यर्थी सड़कों पर कई बार उतर चुके हैं। 'डोमिसाइल नहीं तो वोट नहीं' का नारा भी लगा चुके हैं। हालांकि अब उनकी ये मांग भी पूरी हो गई है। साथ ही टीआरई-5 से पहले राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा ली जाएगी जिससे नए लोगों को भी आगामी शिक्षक भर्ती में शामिल होने का मौका मिलेगा।



## क्या आज नगर निगम के मामले में अदालत अगली तारीख देगी

### हाउस टैक्स को लेकर हाईकोर्ट में आज फिर लग सकती है अगली तारीख, पार्षदों का कहना- नगर निगम ने नहीं दाखिल किये हैं सही तथ्य

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम और पूर्व पार्षद आज कोर्ट में आमने-सामने होंगे। 29 जुलाई के बाद ये दूसरा मौका है जब कोर्ट में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मामले में सुनवाई होगी। आज हाईकोर्ट में केस नंबर-36 की आवाल लगेगी और ये वो तारीख है जब हाईकोर्ट में गाजियाबाद नगर निगम के जवाब के जवाब में पूर्व पार्षद मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पूर्व पार्षद हाईकोर्ट चले गए थे। जबकि नगर निगम में 30 जून को बोर्ड बैठक हुई थी और यहां जो प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हुआ था उसमें जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। बैठक के बाद अधिकारियों और पार्षदों के बीच मिनट्स को लेकर एक जंग छिड़ गई और इसी बीच सुनवाई की तारीख यानी पांच अगस्त आ गई। सूत्र बताते हैं कि आज जब केस नंबर-36 सुनवाई के लिये आएगा तो इसमें तारीख लगेगी क्योंकि पार्षदों को जवाब देना है और वो जवाब के लिये समय मांगेंगे। वो आज जवाब नहीं देंगे। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा दाखिल किये गये जवाब से पूर्व पार्षद संतुष्ट नहीं हैं और उन्होंने इसी पर ओब्जेक्शन लगाते हुए जवाब की तैयारी शुरू की है। पूर्व पार्षदों का कहना है कि नगर निगम ने जो बातें कही हैं और जो पेपर लगाए हैं वो सच नहीं हैं। ऐसे में आज नगर निगम की सुनवाई की अगली तारीख आएगी।



## यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी का विजन दिखा रहा है असर

# औद्योगिक क्षेत्रों में हालात रहे हैं लगातार सुधर











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूपीसीडा के सीईओ आईएएस मयूर माहेश्वरी का विजन अब असर दिखाने लगा है और गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों की सूरत बदलने लगी है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा सुधार आया है। कभी यहां टूटी सड़क, बंद लाइटें थीं अब व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। अब नगर निगम के इन क्षेत्रों की जिम्मेदारी यूपीसीडा ने ले ली है। वो इन क्षेत्रों के मेंटीनेंस को स्वयं देख रहा है। यूपीसीडा के सीईओ आईएएस मयूर माहेश्वरी का विजन अब इन क्षेत्रों की स्थिति को सुधार रहा है। मयूर महोश्वरी एक अनुभवी और नए विजन के साथ काम करने वलो अधिकारी हैं। जब से उन्होंने यूपीसीडा की कमान संभाली है तब से गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र की हालत सुधर गई है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। यहां 14.92 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों तथा नालियों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 40 प्रतिशत कार्य पूरा किया चुका है। इसके साथ ही 14.75 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य भी शुरु कर दिया गया है।

### साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को वैज्ञानिक ढंग से सुधारने पर फोकस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की समग्र जल निकासी व्यवस्था को वैज्ञानिक ढंग से सुधारने हेतु नालियों का डिजाइन कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसकी अनुमानित 47 करोड़ रूपए है। यह कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इससे वर्षा जल निकासी में आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से लेकर वार्षिक अनुरक्षण का कार्य प्रस्तावित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 6.17 करोड़ रुपए की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य भी प्रगति पर है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन झाड़ू लगाना, नालियों की सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन तथा कूड़ा उठाने के कार्य सम्मलित हैं। इसके अलावा 2.30 करोड़ रुपए लागत से वार्षिक अनुरक्षण के कार्य प्रस्तावित हैं। जिसके क्षेत्र में स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं का सतत रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा।

### सीईओ मयूर माहेश्वरी खुद मौके पर पहुंच करते हैं निरीक्षण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आईएएस मयूर माहेश्वरी एक अनुभवी और कर्मठ अधिकारी हैं। उन्हें सरकार की गुडबुक के आईएएस अधिकारियों में गिना जाता है। उनकी सबसे बड़ी खूबी है कि वो फाइलों से ज्यादा मौके पर पहुंचकर काम का निरीक्षण करते हैं। उनकी इसी कार्यशैली की वजह से औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी उनका विशेष सम्मान करते हैं और उद्यमियों का ये मानना है कि यूपीसीडा की कमान एक ऐसे आईएएस अधिकारी के हाथ में है जिनकी पास एक नए विजन के साथ समस्याओं का समाधान है। औद्योगिक क्षेत्र में चाहे सड़क का काम हो, चाहे सफाई व्यवस्था हो, जल निकासी का काम हो, पथप्रकाश का काम हो, ये सभी कार्य उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के नेतृत्व में दिशा निर्देशन में संपन्न कराए जा रहे हैं। ये एक कार्यशैली है जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर उद्यमियों और श्रमिकों को एक स्वच्छ, सुलभ तथा सुरक्षित औद्योगिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।




### नगर निगम के इन तर्कों से संतुष्ट नहीं हैं याचिका वाले पूर्व पार्षद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि नगर निगम ने अदालत में जो जवाब दाखिल किया है वो तथ्यपरक नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने हाईकोर्ट में हाउस टैक्स को लेकर कहा कि गाजियाबाद में कर दाताओं की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। जबकि सत्य ये है कि आरडब्ल्यूए से लेकर व्यापार मंडलों ने बढ़े हुए हाउस टैक्स पर विरोध जताया है। ये लो नगर निगम में ज्ञापन देने पहुंचे हैं, धरने को समर्थन दिया है और आरडब्ल्यूए ने तो बढ़े हुए टैक्स के विरोध में बोर्ड भी लगाए, तो फिर कहां लंबी लाइनें लग गई। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि नगर निगम में टैक्स को लेकर एक चार्ज बनाकर दिया है और हम भी उस चार्ज का वेरिफिकेशन करेंगे। इसके अलावा नगर निगम ने वर्ष 2022 की बैठक का हवाला दिया और कहा कि याचिकाकर्ता पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और हिमांशु मित्तल को आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया और इनकी आपत्ति पर सुनवाई हो चुकी है। नगर निगम ने अपने पक्ष में वो लेटर भी लगाए हैं। नगर निगम ने अपने पत्र में शासन के लेटर का भी हवाला दिया है और कहा है कि तीन बार शासन को पत्र लिखा और वहां से बढ़ा हुआ टैक्स लगाने की बात कही गई है। सबसे खास बात ये है कि नगर निगम ने सात तारीख की बोर्ड बैठक का हवाला दिया है और 30 जून वाली बोर्ड बैठक का जिक्र नहीं किया है। पूर्व पार्षदों का कहना है कि नगर निगम ने 30 जून वाली बोर्ड बैठक के मिनट्स भी दाखिल नहीं किये हैं जबकि मिनट्स तैयार हैं, उस पर सभी के साइन हो चुके हैं।




### हम लेंगे जवाब देने के लिये दस दिन का टाइम: हिमांशु मित्तल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य तथा पूर्व पार्षदर हिमांशु मित्तलने कहा कि नगर निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है वो तथ्यपरक नहीं है। हम इस पर अपना जवाब दाखिल करेंगे । आज हम इस मामले में अदालत से अनुरूोध कर अगली डेट लेंगे। हमें जवाब देने के लिये दस दिन का समय दिया जाए और उसके बाद हम नगर निगम के सभी सवालों का जवाब अदालत में देंगे।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने 20 चीता मोबाइल हरी झंडी दिखाकर की रवाना

## क्राइम कंट्रोल से लेकर जाम को खत्म करने का बाइकें करेंगी काम, दिन हो या रात बेहतर रहेगा रिस्पॉन्स

### - शुरुआत में 20 हाई विजिबिलिटी लाइटिंग और पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से लैस बाइकें शुरू की गईं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 100 दिन पूरे हो गए हैं। 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सोमवार को उन्होंने गाजियाबाद की पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने, अपराध नियंत्रण, जाम पर कंट्रोल करने और पुलिस की विजिबिलिटी को प्रदर्शित करने के लिए 20 मॉडिफाइड चीता बाइक हरी झंडी दिखाकर रवाना की हैं। सोमवार को ट्रांस हिंडन जोन के इंदिरापुरम थाने से इन 20 चीता पेट्रोलिंग बाइकों को रवाना किया गया है। पुलिस कमिश्नर रे रविंदर गौड ने बताया है कि इन मॉडिफाई वाहनों का उद्देश्य शहर में पुलिस की उपस्थिति को और अधिक सशक्त बनाना है। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में यह आसानी से मूवमेंट कर पाएंगे। तो वहीं हाई विजिबिलिटी लाइटिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस इन वाहनों के जरिए क्राइम कंट्रोल और पुलिस का मूवमेंट अधिक प्रदर्शित करने का काम होगा।







### रिस्पॉन्स टाइम बेहतर बनाने में मददगार होगी चीता मोबाइल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अधिकारियों का कहना है कि शुरूआत के तौर पर जो 20 चीता मोबाइल उतारी गई हैं। इन्हें शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगाया जाएगा। विशेष रूप से पीक आवर्स, त्यौहारों के समय और अधिक भीड़ वाले स्थानों पर इन्हें पुलिस का रिस्पांस टाइम बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं ट्रैफिक में जहां बड़ी गाड़ियां नहीं पहुंच पाती हैं, वहां सुचारू पेट्रोलियम सुनिश्चित कर इन वाहनों के जरिए ही स्थिति कंट्रोल की जाएगी। यह सभी पुराने वाहन हैं, जिनको पुलिस आधुनिकरण स्कीम के तहत बेहतर बनाकर पुलिस इस्तेमाल में ला रही है।

### जल्द 70 चीता मोबाइल से लैस होगी गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस



करंट क्राइम : 20 चीता मोबाइल बाइक को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर सोमवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जानकारी दी है कि यह सभी बाइक हाई विजिबिलिटी लाइटिंग से लैस हैं। इन सभी बाइक्स में तेज एलईडी ब्लिंकर लगे हैं। इंटीग्रेटेड पुलिस बीकन और रिफ्लेक्टर मार्किंग लगी हुई है। जिससे यह दिन और रात में अधिक दूर से नजर आएंगे। साथ ही इसमें पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगा हुआ है। बाइक में पुलिसकर्मी आपातकालीन स्थितियों में घोषणा करने के साथ ही लोगों को जागरूक करने का भी काम करेंगे। उदाहरण के तौर पर अगर कहीं जाम या आग लग गई है, तो यह वाहन जब सड़क पर निकलेंगे, तो इस प्रकार का अनाउंसमेंट भी करेंगे ताकि भीड़ को हटाया जा सके और यह समय रहते मौके पर पहुंच जाएं। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी है कि वर्तमान में 20 चीता मोबाइल लगाई गई हैं। जो 10 ट्रांस हिंडन और 10 सिटी जोन में हैं। आने वाले दिनों में 50 और नई बाइकों को अलग-अलग जोन और ट्रैफिक पुलिस के साथ जोड़ा जाएगा।

### पुलिसिंग की दिशा में स्मार्ट पहल रहेगा, चीता मोबाइल अभियान : सीपी



करंट क्राइम : सोमवार को इन बाइकों के उद्घाटन और हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने कहा है कि यह पहले स्मार्ट और संवेदनशील पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण है। हम तकनीक आधारित पुलिसिंग के साथ जनता में विश्वास और चीता पेट्रोल मोबाइल के जरिए लोगों के पास कम समय में पहुंच सकेंगे। जिससे जनता को लाभ होगा, उद्घाटन अवसर पर एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी इंदिरापुरम रवेंद्र गौतम उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने स्वर्गीय शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

## हेमंत से मिलकर जताई संवेदना

**शिबू सोरेन के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक**






**झारखंड में आज दोपहर तीन बजे मुखाग्नि दी जाएगी**

**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने सर गंगाराम अस्पताल जाकर शिबू सोरेन के बेटे व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया।

प्रधानमंत्री ने अस्पताल में रखे पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शव पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने स्वर्गीय शिबू सोरेन को जमीनी स्तर का नेता बताते हुए एक्स पर लिखा कि मुझे शिबू सोरेन के निधन से बहुत दुख पहुंचा है। पीएम मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अस्पताल जाकर शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अस्पताल में जाकर हेमंत सोरेन से मिलने और श्रद्धांजलि देने की तस्वीरें पोस्ट की हैं। प्रधानमंत्री से मुलाकात करते समय हेमंत सोरेन खुद को नहीं रोक पाए और उनकी आंखों में आंसू आ गए।

# सीएम ने सहारनपुर को दी 381 करोड की सौगात

## कहा- कांग्रेस और सपा को आतंकियों के प्रति सहानुभूति



**सहारनपुर। करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जिले को 381 करोड़ की सौगात दी। उन्होंने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 15 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कई योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया।

सहारनपुर पहुंचते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया उनमें गांधी पार्क में पानी के फव्वारे का निर्माण कार्य- 60 लाख रुपये, ग्राम ताहरपुर में सीसी रोड का निर्माण कार्य-5.01 करोड़ रुपये, ग्राम पिंजौरा में सीसी रोड का निर्माण कार्य-5.92 करोड़ रुपये, पार्किंग एवं कन्वेंशन हॉल का निर्माण कार्य-14.97 करोड़ रुपये, इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य-16.69 करोड़ रुपये, गोगा म्हाड़ी में स्वच्छ कुंड का निर्माण कार्य- 14.92 करोड़ रुपये, नगर निगम के गैराज का पुनर्विकास कार्य-4.18 करोड़ रुपये, प्ले ग्राउंड और 100 सीट वाले हॉस्टल का निर्माण कार्य-16.09 करोड़ रुपये, पंपिंग स्टेशन जोन-3 और जोन-4 का निर्माण कार्य- 7.32 करोड़ रुपये, राकेश सिनेमा से सपना सिनेमा तक ढमोला ब्रिज का निर्माण कार्य- 8.72 करोड़ रुपये शामिल है।

इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी देश पर आतंकवादियों का हमला होता है, विपक्षी दल आतंकियों के साथ खडा होता है। विपक्षी दलों में हिन्दुत्व को बदनाम करने होड मची है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को आतंक और आतंकवादी संगठनों के प्रति सहानुभूति है। मालेगांव का फैसला आ गया है। अब यह साबित हो गया कि भगवा आतंकवाद का झूठ गढा गया। यह साजिश कांग्रेस ने रची थी। कांग्रेस का काम देश द्रोह की श्रेणी में आता है। ये लोग सेना के शौर्य पर सवाल उठाते है। आतंकवादियों को क्लीनचिट देती है।

# योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा

## 8-10 अगस्त तक सरकारी और नगर विकास की बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा



**सहारनपुर। करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को घोषणा की कि रक्षाबंधन पर 8 से 10 अगस्त तक बहन बेटियों को उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम और नगर विकास की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इससे पहले जिले को 381 करोड़ की सौगात दी। उन्होंने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 15 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कई योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया।

सहारनपुर पहुंचते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया उनमें गांधी पार्क में पानी के फव्वारे का निर्माण कार्य- 60 लाख रुपये, ग्राम ताहरपुर में सीसी रोड का निर्माण कार्य-5.01 करोड़ रुपये, ग्राम पिंजौरा में सीसी रोड का निर्माण कार्य-5.92 करोड़ रुपये, पार्किंग एवं कन्वेंशन हॉल का निर्माण कार्य-14.97 करोड़ रुपये, इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य-16.69 करोड़ रुपये, गोगा म्हाड़ी में स्वच्छ कुंड का निर्माण कार्य- 14.92 करोड़ रुपये, नगर निगम के गैराज का पुनर्विकास कार्य-4.18 करोड़ रुपये, प्ले ग्राउंड और 100 सीट वाले हॉस्टल का निर्माण कार्य-16.09 करोड़ रुपये, पंपिंग स्टेशन जोन-3 और जोन-4 का निर्माण कार्य- 7.32 करोड़ रुपये, राकेश सिनेमा से सपना सिनेमा तक ढमोला ब्रिज का निर्माण कार्य- 8.72 करोड़ रुपये शामिल है। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी देश पर आतंकवादियों का हमला होता है, विपक्षी दल आतंकियों के साथ खडा होता है। विपक्षी दलों में हिन्दुत्व को बदनाम करने होड मची है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को आतंक और आतंकवादी संगठनों के प्रति सहानुभूति है। मालेगांव का फैसला आ गया है। अब यह साबित हो गया कि भगवा आतंकवाद का झूठ गढा गया। यह साजिश कांग्रेस ने रची थी। कांग्रेस का काम देश द्रोह की श्रेणी में आता है। ये लोग सेना के शौर्य पर सवाल उठाते है। आतंकवादियों को क्लीनचिट देती है।

# पंजाब के पूर्व SP-DSP समेत पांच दोषियों को उम्रकैद, 32 साल बाद मिला इंसाफ



**चंडीगढ़।** मोहाली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत आज पंजाब पुलिस के पूर्व एसएसपी, डीएसपी समेत पांच दोषियों की सजा पर फैसला सुनाएगी। 1993 के फर्जी एनकाउंटर मामले में पांच पूर्व पुलिस अधिकारियों को दोषी करार दिया गया है। पंजाब के तरनतारन में वर्ष 1993 के फर्जी मुठभेड़ मामले में दोषी पंजाब पुलिस के पूर्व एसएसपी और डीएसपी सहित पांच पुलिस अधिकारियों की सजा पर सोमवार को फैसला सुनाया है। मोहाली की सीबीआई अदालत ने पूर्व एसएसपी भूपिंदरजीत सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह (सभी सेवानिवृत्त) को आपराधिक साजिश, हत्या, रिकॉर्ड नष्ट करने और फजीर्वाड़ा करने के आरोप में शुक्रवार को दोषी करार था। उक्त दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

पीड़ित परिवारों के वकील सरबजीत सिंह वेरका ने बताया कि जांच पूरी करने के बाद सीबीआई ने 2002 में भूपिंदरजीत सिंह डीएसपी गोइंदवाल, इंस्पेक्टर के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। गुरदेव सिंह एसएचओ सरहाली, एसआई ज्ञान चंद, एएसआई देविंदर सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह एसएचओ थाना वेरोवाल, एएसआई जगीर सिंह, एएसआई रघुबीर सिंह, एचसी मोहिंदर सिंह, एचसी अरूर सिंह को नामजद किया गया। लेकिन 2010-21 की अवधि के दौरान इस मामले की सुनवाई रुकी रही और इस अवधि के दौरान पांच आरोपियों की मृत्यु हो गई।

दुर्भाग्य से देरी से सुनवाई के दौरान 36 गवाहों की भी मृत्यु हो गई और इस मामले में केवल 28 ने गवाही दी। अंत में आज शुक्रवार को पांच आरोपियों भूपिंदरजीत, दविंदर, सूबा, गुलबर्ग और रघबीर सिंह को यूएस 120 बी, 120-बी आर/डब्ल्यू 302 आईपीसी, 120 बी आर/डब्ल्यू 201 आईपीसी और 120 बी आर/डब्ल्यू 218 आईपीसी के लिए अपराध करने का दोषी ठहराया गया और दोषी को हिरासत में ले लिया गया।

# राहुल को 'सुप्रीम' फटकार पर भाजपा बोली: विश्वसनीयता सवालों के घेरे में आई, भारत विरोधी मानसिकता उजागर हुई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेना से जुड़े बयान और भारत की जमीन पर चीन के कब्जे वाली टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल को ऐसे बयान देने के लिए फटकार भी लगाई। अदालत की नाराजगी के बाद अब भाजपा ने कांग्रेस सांसद की मानसिकता पर सवाल खड़े किए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लगभग ढाई साल पुरानी टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की। शीर्ष अदालत ने कांग्रेस सांसद को फटकार लगाई और कहा कि अगर वे सच्चे भारतीय होते तो ऐसी टिप्पणी नहीं करते। अदालत ने उन्हें सेना से जुड़े मसलों पर सोशल मीडिया के बजाय संसद के पटल पर बात करने की नसीहत भी दी। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भाजपा ने राहुल गांधी को आड़े हाथ लिया। राहुल का बयान नुकसानदेह, सेनाओं का मनोबल गिराता है सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन



रिजिजू ने कहा, अदालत ने राहुल गांधी को निराधार दावे के लिए कड़ी फटकार लगाई है। 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीनी सेना ने कब्जा कर लिया' है, राहुल का ऐसा बयान देश के लिए बेहद नुकसानदेह है और इससे हमारी सेनाओं का मनोबल भी गिरता है।'

### भारतीय होने के नाते राहुल को ऐसा नहीं बोलना चाहिए

रिजिजू ने कहा, 'हम राहुल गांधी से इस तरह के निराधार बयान न देने की अपील करते रहे हैं, लेकिन वह हमारी बात नहीं सुनते। मुझे बहुत खुशी है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट ने अब उन्हें चेतावनी दी है। यह एक सीधी फटकार है कि एक भारतीय होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं बोलना चाहिए। अदालत ने बहुत ही कड़ा बयान दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाई

शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, जब हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई और चीनी सेना को पीछे धकेला, तो राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश में 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, जिसमें 20 भारतीय सैनिक मारे गए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल के इस बयान पर कड़ी टिप्पणी की है। बता दें कि राहुल गांधी की जिस टिप्पणी पर शीर्ष अदालत ने उन्हें फटकार लगाई है, ये 9 दिसंबर, 2022 की है। उन्होंने भारत और चीन की सेनाओं के बीच गलवां में हुई झड़प पर टिप्पणी की थी।

### राहुल गांधी ने भारत विरोधी मानसिकता दिखाई

भाटिया के मुताबिक अदालत का ऐसा कहना कि 'अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते...' राहुल गांधी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी के नेता के तौर पर वह कितने परिपक्व हैं? उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी को भी रेखांकित किया जिसमें कोर्ट ने राहुल से पूछा, 'उन्हें चीनी सेना के कब्जे वाले क्षेत्र के बारे में कैसे पता। क्या वह वहां थे?' इस पर गौरव भाटिया ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने भारत विरोधी मानसिकता दिखाई है।

# दबिश देने जा रहे क्राइम ब्रांच के दारोगा और सिपाही की सडक हादसे में मौत

**दो अन्य पुलिसकर्मी घायल**



**हमीरपुर। करंट क्राइम।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हमीरपुर के पास भयानक सडक हादसा हो गया। इस हादसे में हरियाणा पुलिस के एक दारोगा और एक सिपाही की दर्दनाक मौत हो गई है।

दारोगा और सिपाही छत्तीसगढ में दबिश देने जा रहे थे। हादसे में दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर हमीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिसकर्मियों के शवों को कार से बाहर निकाला। बताया जाता है कि सभी पुलिसकर्मी एक बोलेरो कार से छत्तीसगढ जा रहे थे। तभी हमीरपुर के राठ कोतवाली क्षेत्र में उनकी कार गिटटी से लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई। हादसे में झज्जर क्राइम ब्रांच के दारोगा और सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई।

# सीएम धामी की प्रदेशवासियों से अपील, घरों पर तिरंगा फहराएं सेल्फी लेकर करें अपलोड



**देहरादून।** सीएम धामी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पीएम मोदी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रगौरव, एकता और स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक बन चुका है। सीएम धामी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा महाअभियान से जुड़ें। अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, गर्व से तिरंगे के साथ सेल्फी लें और उसे http://harghartiranga.com पर अपलोड करें।

सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीएम मोदी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रगौरव, एकता और स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक बन चुका है। यह मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की लौ को प्रज्वलित करने वाला एक विराट जनांदोलन है।

# 17 जिलों में बाढ़ के हालात, नौ की मौत, कई शहरों में स्कूल हुए बंद, 46 जनपदों में आज बारिश का अलर्ट



**लखनऊ।** यूपी में मानूसन पूरी तरह से सक्रिय है। प्रदेश में नदियों से सटे हुए 17 जिलों में बारिश का कहर है। रविवार को अलग-अलग जिलों में बारिश की वजह से नौ मौतें हुईं। सोमवार की सुबह सीतापुर जिले में दीवार गिरने से दो किशोरियों की मौत हो गई। यह संख्या जोड़ लें तो 24 घंटे में प्रदेश में बारिश से 11 मौतें हो गई है। भारी बारिश को देखते हुए राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

17 जिलों बाढ़ की चपेट में, सीएम योगी ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वे लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों और राहत विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे हैं, ताकि राहत कार्यों में कोई कमी न रहे। टीम-11 में शामिल मंत्रियों ने भी बाढ़ प्रभावित जिलों का रविवार को निरीक्षण किया। वर्तमान में प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इन जिलों की 37 तहसीलें और 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवान चौबीसो घंटे पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि 17 जिलों में कुल 84392 लोग प्रभावित हैं, जिनमें से 47906 लोगों को राहत सामग्री दी गई है। बाढ़ की वजह से 2759 मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 343 लोगों के मकानों को नुकसान पहुंचा है। इनमें से 327 लोगों को सहायता राशि मिल चुकी है।

# सीएम नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान बिहार के रहने वालों को शिक्षक भर्ती परीक्षा में प्राथमिकता






**पटना।** चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार ने अब शिक्षक अभ्यर्थियों को बड़ी सौगात दी है। वह जिस चीज की मांग पिछले कई महीनों से कर रहे थे, उसे सीएम नीतीश कुमार ने सुन लिया है। उन्होंने बुधवार को इसका एलान कर दिया है। सोशल मीडिया पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

### TRE-5 पहले STET लेने का सीएम नीतीश ने दिया निर्देश

सीएम नीतीश ने कहा कि शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह चौथे शिक्षक भर्ती परीक्षा से ही लागू किया जाएगा। वर्ष 2025 में TRE-4 एवं वर्ष 2026 में TRE-5 का आयोजन किया जाएगा। TRE-5 के आयोजन के पूर्व STET का आयोजन करने का भी निदेश दिया गया है।

### तीन दिन पहले ही सड़क पर उतरे थे अभ्यर्थी

शिक्षक भर्ती परीक्षा डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने एक अगस्त को पैदल मार्च किया था। सभी अभ्यर्थी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करना चाहते रहे थे। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों हाथों में तिरंगा लेकर सीएम हाउस जाने के लिए निकले थे। लेकिन, जेपी गोलंबर के पास पटना पुलिस ने उन्हें रोक लिया गया। अभ्यर्थी आगे न जा पाए इसके लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी है। अभ्यर्थी बिहार सरकार के विरोध में नारेबाजी की थी। वह बिहार सरकार से डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग कर रहे थे। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा था कि डोमिसाइल बिहार के छात्रों का हक है। बिहार से बाहर कुछ राज्यों मे प्रत्यक्ष, जबकि कुछ राज्यों मे अप्रत्यक्ष रूप से डोमिसाइल लागू है। इस वजह से बिहार के अभ्यर्थियों को दूसरे राज्यों में नौकरी पाने में नुकसान हो रहा है। कुछ राज्यों मे परीक्षा की प्रक्रिया और सिलेबस ऐसा बनाया गया है, जिससे उस राज्य से संबंधित प्रश्न अधिक पूछकर उस राज्य के अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाया जाता है।

# गंगा का रौद्र रूप : मणिकर्णिका घाट पर शवों की कतार पहली बार नमो घाट बंद, वरुणा-गोमती भी उफनाई



**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा का जलस्तर रविवार को खतरे के निशान से 57 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इससे बाढ़ का संकट और गहरा गया है। पहली बार नमो घाट को पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

घाट पर बना आकर्षक नमस्ते संरचना अब पूरी तरह से डूबने की कगार पर है इसलिए पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी गई है। इससे पहले नमो घाट पर बाढ़ का पानी इतना नहीं आया था। वहीं, जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि शीतला घाट की सड़क पर पानी पहुंच गया है। अस्सी घाट की सड़कों पर जलभराव है। सामने घाट की सड़क पर बाढ़ का पानी आ गया है।

बाढ़ का पानी बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर से महज 800 मीटर दूर है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की सीढ़ियों की तरफ भी गंगा का पानी तेजी से बढ़ रहा है। शाम तक गंगा द्वार की 13 सीढ़ियां ही बची थीं। अगर जलस्तर बढ़ने का यही सिलसिला रहा तो सोमवार को गंगा द्वार की कुछ और सीढ़ियां डूब सकती हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक, वाराणसी के 44 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इस कारण 1410 परिवारों को घर छोड़ना पड़ा है। 6244 किसानों की 1721 एकड़ फसल डूब गई है। इसी तरह शहरी क्षेत्र के 24 मोहल्ले भी बाढ़ से प्रभावित हैं। इन मोहल्लों में रहने वाले 6376 लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। सड़कों पर पानी भर गया है। इससे आना-जाना बंद हो गया है। सबको बाढ़ राहत शिविर में जगह लेनी पड़ी है। गंगा जलस्तर दो सेंटी मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है।

### काशी विश्वनाथ धाम के आसपास जल पुलिस और एनडीआरएफ तैनात

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास कार्यपालक समिति के अध्यक्ष मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने ललिता घाट से सरस्वती फाटक, भारत माता प्रतिमा और मुख्य परिसर सहित समस्त क्षेत्र में तैयारियां का जायजा लिया। न्यास के अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास जल पुलिस और एनडीआरएफ तैनात कर दी गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि शिव भक्त साचन के चौथे सोमवार को बाबा के विशेष स्वरूप में दर्शन पाएंगे।

### यूपी एटीएस के हत्थे चढ़े दो इस्लामिक कट्टरपंथी, देश में शरिया लागू करने के लिए कर रहे थे काम

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने दो इस्लामिक कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मुस्लिम नवयुवकों को गैर मुस्लिमों के प्रति भड़काकर उनमें रोष पैदा कर रहे थे। भारत विरोधी षड्यंत्र रचने व सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का मंसूबा रखने वाले दो कट्टरपंथी उसामा माज व अजमल अली को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानी व्यक्तियों से सम्पर्क में थे और हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा–ए– हिन्द करके शरिया का कानून लागू करना चाहते थे।

ये दोनों अभियुक्त मुस्लिम नवयुवकों को गैर मुस्लिमों के प्रति भड़का कर उनमे रोष पैदा करते थे और उनको भारत विरोधी, आपराधिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करते थे।

**खोया–पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी ग्राम अबुपुर तहसील मोदीनगर खसरा न. 609 स्थित 1000 गज के प्लाट की मूल रजिस्ट्री कही खो गयी है, मिलने पर संपर्क करें–सोनिया दीक्षित पत्नी संजीव दीक्षित नि–SG-4/2601, साया गोल्ड एवेन्यू, इंदिरापुरम, गाजियाबाद ।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# दुरुस्त होने वाला है कमिश्नरेट का ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

## बढ़ाई गई है पुलिसकर्मियों की संख्या और ड्यूटी प्वाइंट्स

**- एडिशनल सीपी व एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया अब 135 यातायात उप निरीक्षक, नौ निरीक्षक और तीन एसीपी संभालेंगे जिम्मेदारी**









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुगंम और व्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई गई है। इसके तहत अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण, सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में एक सहायक पुलिस आयुक्त के अलावा तीन अतिरिक्त को ट्रैफिक के लिए तैनात किया गया है। तो वहीं यातायात निरीक्षकों की संख्या 6 से बढ़ाकर नौ की गई है। वहीं यातायात उप निरीक्षक जो पहले 86 हुआ करते थे, उनकी संख्या बढ़ाकर 135 की गई है। इसके साथ ही जहां ट्रैफिक पुलिस की 181 ड्यूटी पॉइंट्स पर तैनाती रहती थी। उसे बढ़ाकर 216 किया गया है। इसके साथ ही बेहतर यातायात व्यवस्था संचालित करने के लिए दिन और रात की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। जिससे जाम और अतिक्रमण जैसी समस्या पर अंकुश लगाया जा सके। इसके साथ ही सड़क हादसों में कमी लाने के लिए भी विस्तृत प्लान बनाया गया है। जिसके तहत नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से भी सहयोग लिया जा रहा है। यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वह अपनी ड्यूटी अधिक बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। वहीं इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम मजबूत बनाने के लिए इसके कंट्रोल रूम को स्थापित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। वहीं नगर निगम व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के साथ भीड़भाड़ वाले इलाकों में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। सोमवार को एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी और एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने यातायात व्यवस्था और अन्य सुधार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रेसवार्ता करते हुए दी।

### घायलों को ना होना पड़े परेशान, बना है इसका भी पूरा प्लान



करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत कई हाईवे और नेशनल हाईवे आते हैं। इसके लिए गाजियाबाद के सभी ट्रामा सेंटरों, अस्पतालों और एंबुलेंस सेवा से संपर्क मोबाइल नंबर और व्यापक प्रचार प्रसार पर प्लान बनाया गया है ताकि आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। साथ ही इन सभी केंद्रों की सूची पुलिस नियंत्रण कक्ष को भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं सुगंम एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाने के लिए अनाधिकृत पार्किंग स्थलों, बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड को चिन्हित कर वहां कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण करने वालों पर लगातार एक्शन लिया जाएगा। तो वहीं एनजीटी के निर्देशों का पालन करते हुए 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों की जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर उनपर सीज की कार्रवाई होगी।

### सड़क हादसों में 50 प्रतिशत कमी लाए जाने का टॉरगेट



करंट क्राइम : सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से आमजनों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था प्रदान कराए जाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा पूरी कार्य योजना बनाई गई है।

- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एनएच-09 के सभी अंडरपास एवं प्रवेश/निकास मार्गों पर रिफ्लेक्टिव साइनेज बोर्ड लगवाया जाएगा।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर यूपी गेट (दिल्ली बॉर्डर) से डासना तक दोनों ओर लोहे की रेलिंग लगवाया जाएगा।
- एनएच-09 से बुलंदशहर लाल कुंआ उतार पर नीचे रोड का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर को ऊंचा कराया जाना है।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे एवं एनएच-09 पर अतिरिक्त एम्बुलेंस/पेट्रोलिंग वाहन/रिकवरी वैन की संख्या बढ़वाया जाएगा।
- एनएच-09 पर स्थित सभी अंडरपास पर विपरीत दिशा में चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्रवाई हेतु एआई कैमरा लगवाए जाएंगे।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे एवं एनएच-09 पर रात के समय पर्याप्त रोशनी का प्रबंध कराया जाएगा।
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे एवं एनएच-09 पर आवश्यकतानुसार रिंबल स्ट्रिप लगवाई जाएगी।

# कविनगर रामलीला कमेटी ने कर दिया आजीवन सदस्यों को नोटिस जारी

**- अगर दस दिन में नहीं दिया जवाब तो सदस्यता समाप्त करना हमारी जिम्मेदारी**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रामलीलाओं को लेकर सभी जगह कुछ ना कुछ चल रहा है। सबसे भव्य रामलीला मानी जाने वाली कविनगर रामलीला कमेटी में भी अब अनुशासन की बयार है। बीते दिनों यहां मुख्य संरक्षक पद को लेकर नैतिक रूप से ये स्पष्ट किया गया था कि भले ही वो सांसद हों, लेकिन अगर वो रामलीला कमेटी के प्राथमिक सदस्य नहीं हैं तो फिर उन्हें इस पद पर नहीं लिया जा सकता। एक बार फिर कमेटी ने डिसिप्लिन से अवगत कराया है और कमेटी ने अपने सदस्यों को नोटिस जारी किये हैं। बताया जाता है कि इनमें कुछ लाइफ मेंबर भी शामिल हैं। कमेटी द्वारा जारी किये पत्र में यह कहा गया है कि आप धार्मिक रामलीली समिति के सम्मानित आजीवन सदस्य हैं। समिति की साधारण सभा की बैठकों की हाजरी रजिस्ट्रर की जांच में ये पाया गया है कि आप साधारण सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहे हैं। आपकी लगातार अनुपस्थिति से ऐसा प्रतीत होता है कि आपको समिति के कार्यों और गतिविधियों के प्रति कोई रूचि नहीं है। साधारण सभा द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार ऐसे सदस्य जो लगातार तीन वर्षों तक अनुपस्थित रहे हैं उनकी सदस्यता समाप्त की जाए। ऐसे में कमेटी के महामंत्री द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि दस दिनों के अंदर पत्र के माध्यम से आपको कुछ कहना हो तो सूचित करें। इसके बाद समिति अपना अंतिम निर्णय लेगी।

# अब हर थाने में पुलिस बनाएगी ड्रोन इस्तेमाल करने वालों का रजिस्टर

## ड्रोन मॉनिटरिंग सिस्टम को भी करेगी मजबूत

**- सीएम का आदेश ड्रोन उड़ाने वाले हो जाएं सावधान, वरना पुलिस कमिश्नरेट बना देगी गैंगस्टर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिस तरीके से मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है, उसको अमल में लाने के लिए जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों में उनके थानाक्षेत्र में ड्रोन के जरिए वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटोग्राफी करने वालों का रजिस्टर तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही कहीं पर भी कोई शूटिंग एवं रिकॉर्डिंग करनी है तो उसके लिए बाकायदा पुलिस कमिश्नरेट में संबंधित अधिकारियों से परमिशन लेनी होगी। वहीं प्रतिबंधित एरिया में कोई भी ड्रोन चलाता पाया गया तो उसपर पुलिस सख्त एक्शन भी लेने का काम करेगी। यह सब इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ड्रोन को लेकर बड़ा निर्देश और फैसला लिया है।

### गृह सचिव और डीजीपी को जारी किए हैं निर्देश





करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना अनुमति के ड्रोन उड़ने पर पूरी तरह प्रतिबंध की बात कही है। तो किसी भी तरीके की संदिग्ध गतिविधि करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। इसके साथ ही प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी उत्तर प्रदेश को निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा की जाए और जरूरी हो तो सख्त कार्रवाई भी कराई जाए। जिस तरीके से बीते दिनों उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ड्रोन के जरिए अफवाह फैलाने की घटनाएं सामने आई हैं, उसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जो लोग ड्रोन का इस्तेमाल कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने के लिए कर रहे हैं, उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और जरूरत पड़ी तो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने साफ कर दिया है कि बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। तो वहीं किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि, डर पैदा करने की कोशिश करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में भी बिना अनुमति के ड्रोन उढ़ाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। गाजियाबाद में कई ऐसे प्रतिबंधित क्षेत्र हैं जहां पर ड्रोन उड़ाना पूरी तरीके से कानूनी अपराध है। इस मामले में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने कहा है कि कमिश्नरेट के तीनों जोन को लेकर जल्द ही निर्देश जारी किए जाएंगे। साथ ही पुलिस अब ड्रोन मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाएगी।

# थानों की मासिक रैंकिंग में महिला थाना, क्रॉसिंग और कौशांबी आए नंबर वन

## इंदिरापुरम, वेव सिटी, घंटाघर कोतवाली, मसूरी और मुरादनगर पहुंचे बॉटम पांच में







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 25 थानों की जुलाई माह की अलग-अलग कार्यों को लेकर फीडबैक वाली रैंकिंग आई है। जुलाई माह वाली इस रैंकिंग में महिला थाना, क्रॉसिंग रिपब्लिक और कौशांबी थाना 100 में 100 अंक प्राप्त कर पहले रैंक पर काबिज है। तो वहीं थाना मुरादनगर, मसूरी, घंटाघर कोतवाली, वेव सिटी और इंदिरापुरम बॉटम पांच में पहुंच गए हैं।

बता दें कि बीते दो माह से कौशांबी और महिला थाने की रैंकिंग टॉप फाइव में बनी हुई है।

### टॉप 10 में शामिल हुआ कवि नगर और लोनी




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन के थानों की जुलाई माह की रैंकिंग आई है। जिसमें पहले नंबर पर महिला थाना, क्रॉसिंग रिपब्लिक और कौशांबी का नाम है। तो रैंकिंग में अंकुर विहार, लिंक रोड, निवाड़ी, ट्रोनिका सिटी, टीलामोड, कवि नगर और लोनी थाना टॉप 10 की लिस्ट में शामिल हुआ है।

### मुरादनगर और इंदिरापुरम को सुधारना होगा काम

करंट क्राइम : मासिक रैंकिंग रिपोर्ट में मुरादनगर, थाना मसूरी, थाना घंटाघर कोतवाली, वेव सिटी और इंदिरापुरम को अपनी वर्किंग सुधारनी होगी। 25 थानों की इस लिस्ट में इंदिरापुरम 25वें नंबर पर है। तो थाना वेव सिटी की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है, वह 24वें नंबर पर है। इसके साथ ही कई अन्य थानों को लेकर भी वहां के प्रभारियों को वर्किंग में सुधार करना होगा वरना मामला बिगड़ भी सकता है।

### मतदाता सूची का सघन निरीक्षण होना लोकतंत्र के लिये अच्छा: अशु वर्मा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने वोटर लिस्ट के लिये भाजपा द्वारा चलाए अभियान को लोकतंत्र के लिये अच्छा बताया है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जिला राजनीतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी का समर्थक है। हम सभी कार्यकर्ता मतदान के दौरान पन्ना प्रमुख पद्धति से काम करते हैं। हर चुनाव में हम लोग मतदाता से घर-घर संपर्क करते हैं तथा मतदान के दिन यह प्रयास करते हैं कि हर मतदाता बूथ पर जाकर अपना वोट अवश्य दें। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि इतनी मेहनत करने के बाद भी किसी भी चुनाव में मतदान 60 से 70 से ज्यादा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि वैसे अन्य राजनीतिक दल इतनी मेहनत नहीं करते पर हमारे विरोधी लोग भी घर से निकलते हैं और हमारे विरुद्ध मतदान करते हैं। इसका मुख्य कारण है मतदाता सूची का ठीक से ना बना होना तथा मृत लोगों का नाम होना और जिन लोगों ने अपना निवास स्थान बदल लिया है या वो किसी अन्य स्थान पर चले गए हैं उनका नाम भी मतदाता सूची में होना। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि अगर मतदाता सूची का सघन निरीक्षण हो रहा है तो यह लोकतंत्र के लिये अच्छा है।

# कैसे निकलेगा नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव की समस्या का समाधान

## जब कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं दे रहा अपनी पसंद के नाम!






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव होना है। छह सदस्यों को चुना जाना है। नगर निगम के सदन में नगर निगम कार्यकारिणी अहम मानी जाती है। नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर मेयर सुनीता दयाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के बीच एक मीटिंग भाजपा महानगर कार्यालय पर हुई थी। इसके बाद हाउस टैक्स का मामला आ गया फिर बैठक हुई और उसके बाद मिनट्स को लेकर पार्षद धरने पर बैठ गये।

धरने पर बैठे पार्षदों की लाइट काट दी गई और फिर निगम की बिल्डिंग में तो अंधेरा हुआ ही नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की बात पर भी अंधेरा छा गया। जब मेयर सुनीता दयाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल निगम कार्यकारिणी को लेकर बैठक कर रहे थे तब उन्होंने इस बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया था। बताते हैं कि कुछ जनप्रतिनिधि तो इसलिये नहीं पहुंचे वो दूर थे और कुछ इसलिये नहीं गए वो मजबूर थे। बहरहाल बताया ये जाता है कि जनप्रतिनिधि आए नहीं और मामला धीरे-धीरे ईगो पर आ गया। नगर निगम कार्यकारिणी में पांच सदस्य जने हैं या चार जाने हैं ये भाजपा को तय करना है और यहां पर गणित ये बैठा कि अगर हर जनप्रतिनिधि अपनी पसंद का एक नाम देगा तो ये नाम ज्यादा हो जाएंगे और फिर ये भी है कि नगर निगम के सदन का सिस्टम मेयर सुनीता दयाल के नेतृत्व में ही रहेगा। ये भी हो सकता है कि मेयर सुनीता दयाल कार्यकारिणी में अपनी टीम चाहती हो और इसी बात पर मतभेद वाला सीन हो गया। इसको दूसरे शब्दों में इस तरीके से कह सकते हैं कि जनप्रतिनिधियों ने अपने लहजे से ये स्पष्ट कर दिया कि अब हम क्या नाम दे मेयर खुद ही देख लें और वही नाम दे दें।

सूत्र बताते हैं कि जनप्रतिनिधियों ने अब कार्यकारिणी में नाम देने वाली बात को दिल पर ले लिया है और इसी वजह से नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव लेट हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि कोई भी जनप्रतिनिधि अपनी तरफ से निगम कार्यकारिणी चुनाव के लिये अपनी पसंद का कोई नाम नहीं दे रहा है। ये स्थिति भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के लिये असमंजस की स्थिति है, क्योंकि अध्यक्ष के होने के नाते हुए समन्वय बिठाना है और उनके लिये मेयर, विधायक, सांसद, एमएलसी सभी एक हैं और वो इस पूरे मामले को संगठन की दृष्टि से देखेंगे। वहीं इस तस्वीर के दूसरी तरफ चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्षद भी अब अपना अलग नेतृत्व तलाश रहे हैं।

उनमें भी गुस्सा है और ऐसे में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की भूमिका पर सबकी नजर है क्योंकि कोर वाली बैठक में नाम फाइनल होने हैं और बड़ी बात ये है कि अगर बिना बैठक के नाम फाइनल होते हैं तो निगम कार्यकारिणी चुनाव में पहले वाली स्थिति आ सकती है, जब नदिया पार के दो पार्षदों ने मना करने के बाद भी पर्चा ले लिया था और शहर वाले एक पार्षद पर्चा दाखिल करने के बाद भूमिगत हो गए थे।

इंतजार में सुबह से शाम हो गई थी। ऐसे में अब निगम कार्यकारिणी चुनाव पर सभी की निगाह है। जनप्रतिनिधि खुद को इस चुनाव से दूर रखकर चल रहे हैं। वो अपनी पसंद का कोई नाम देने को तैयार नहीं हैं और अब यहां गेम असमंजस वाले मोड में आ गया है।

## संपादकीय

# मोदी का स्वदेशी आह्वान

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी का प्रचारक बनने का आह्वान किया है। अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी से यह आह्वान देश भर के लिए है कि सभी संकल्प लें और अपने घरों में स्वदेशी सामान ही लेकर आएं। प्रधानमंत्री मोदी को अचानक यह आह्वान क्यों करना पड़ा, जबकि संघ परिवार के लिए स्वदेशी एक बुनियादी एजेंडा रहा है। आरएसएस का सहयोगी संगठन ह्यस्वदेशी जागरण मंच दशकों से इस दिशा में प्रयासरत रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था और कारोबार के मौजूदा दौर में कोई भी देश स्वदेशी के भरोसे न तो आर्थिक विकास कर सकता है और न ही अस्तित्व की रक्षा कर सकता है। भारत आज एक खुली अर्थव्यवस्था वाला देश है और उदारीकरण, आर्थिक सुधारों का प्रणेता रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार को बंद अर्थव्यवस्था के दौर में नहीं धकेला जा सकता। स्वदेशी के सीधे मायने हैं कि आप विदेशी निवेश का प्रवाह बाधित कर रहे हैं। स्थिरता के माहौल को फिर से अस्थिर करना चाहते हैं। आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी एक जड़ स्थिति है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ थोपने के बाद प्रधानमंत्री की स्वदेशी पर यह पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया है। ह्यमेक इन इंडियाह्न के प्रथम प्रोमोटर प्रधानमंत्री ही हैं। यह सिलसिला मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ माह बाद ही शुरू कर दिया गया था। दिसंबर, 2014 में उद्योग पर राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान स्वदेशी पर भी विमर्श किया गया था। बेशक आज भी विनिर्माण के क्षेत्र में इतना विकास और विस्तार नहीं हो पाया है कि वह देश के जीडीपी में 25 फीसदी का योगदान दे सके। हालांकि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान भारत ने 60 फीसदी टीकों की आपूर्ति जरूरतमंद देशों को की। यह टीका भारत की कंपनियों ने ही बनाया और विकसित किया है तथा उसका उत्पादन वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। भारत ने 102 ह्यस्वदेशी वंदे भारतह्न ट्रेन का नेटवर्क भी खड़ा किया है। आज भारतीय कंपनियां रक्षा उत्पादन में इतनी सक्रिय और व्यस्त हैं कि वे करीब 90 देशों को हथियारों की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन यह भी यथार्थ है कि हमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली विदेशों से ही खरीदने पड़ रहे हैं। अभी हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दहलीज पर ही खड़े हैं। हमें अपनी जरूरत का खाद्य तेल अब भी विदेश से आयात करना पड़ रहा है। हम स्वदेशी तेल का ब्रांड और उत्पादन स्थापित नहीं कर पाए हैं। स्वदेशी महज एक नारा है, व्यावहारिक नहीं है। बेशक भारत का कपड़ा क्षेत्र 14.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है। हम अमरीका को भी वस्त्र, परिधान आदि का अच्छा-खासा निर्यात करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत ने दोगुनी बढ़ोतरी की है, लेकिन कारों, मोबाइल आदि में जो सेमीकंडक्टर की ह्यचिपह्न लगती है, भारत उसके शोध, विकास, व्यापार के लिए आज भी सिंगापुर, ताइवान जैसे छोटे देशों पर ही आश्रित है। चीन, जापान, अमरीका की तो बात मत कीजिए। उनसे हमारा मुकाबला किया ही नहीं जा सकता। दो साल पहले भारत सरकार के बजट में युवा छात्रों को प्रशिक्षित और उनके रोजगार के मद्देनजर देश की 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप की योजना की घोषणा की गई थी।

# ट्रेड यूनियन और किसान अमेरिकी टैरिफ व भारत-ब्रिटेन सीईटीए का करेंगे विरोध, प्रदर्शन 13 अगस्त को



**नई दिल्ली।** देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के मंच, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों-एसकेएम ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों और भारत-ब्रिटेन सीईटीए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।इन संगठनों ने 13 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

एक संयुक्त बयान के अनुसार, सीटीयू-एसकेएम ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और रूस के साथ तेल व्यापार समझौते के लिए दंडात्मक कर लगाने की ट्रम्प की हालिया धमकियों की कड़ी निंदा की। बयान में कहा गया है कि सीटीयू-एसकेएम सभी किसानों, श्रमिकों, छात्रों और देशभक्त नागरिकों से 13 अगस्त, 2025 को प्रतिरोध के राष्ट्रव्यापी दिवस में शामिल होने का आह्वान करता है, जिसमें ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल रैलियां, विरोध प्रदर्शन, सार्वजनिक सभाएं और विभिन्न प्लेटफार्मों और साझेदार संगठनों द्वारा तय किए गए विरोध के अन्य रूपों जैसे विभिन्न सामूहिक कार्यवाहियां शामिल होंगी। ट्रेड यूनियन और किसान संगठनों ने मांग की है कि भारत को ट्रंप की टैरिफ धमकियों को अस्वीकार करना चाहिए और रूस सहित सभी देशों के साथ व्यापार करने के अपने संप्रभु अधिकार पर जोर देना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि भारत-यूके सीईटीए की तुरंत समीक्षा की जानी चाहिए और उसमें बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कॉरपोरेट शोषण को रोकने के लिए अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के लिए सभी वार्ताएं रोक दी जानी चाहिए।

संगठनों ने कहा है कि अब कोई गुप्त व्यापार समझौता नहीं किया जाएगा- भविष्य में होने वाले सभी सौदों की पूर्ण संसदीय जांच और सार्वजनिक परामर्श से गुजरना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के माध्यम से भारत को उपनिवेश बनाया- आज, सीईटीए और अमेरिकी व्यापार समझौते कॉरपोरेट साम्राज्यवाद के नए साधन हैं। श्रमिक और किसान संगठनों ने एलान किया कि वे 13 अगस्त को किसान, श्रमिक संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उठ खड़े होंगे, जिससे एक स्पष्ट संदेश जाएगा। बयान में आगे कहा गया है कि अमेरिका की ओर से टैरिफ का एलान आर्थिक दबाव बनाने का स्पष्ट तरीका है। इसका उद्देश्य रूस के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों पर सवाल खड़े कर भारत पर हुक्म चलाना है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू 6 अगस्त को गवर्नर संजय मल्होत्रा करेंगे फैसलों का ऐलान

**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली दर निर्धारण समिति ने सोमवार को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति तय करने के लिए तीन दिवसीय विचार-विमर्श शुरू किया, जिसमें ब्याज दरों में नरमी के चक्र में ठहराव की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में ब्याज दरों में ढील देने का चक्र शुरू किया था और तब से अब तक तीन चरणों में अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 100 आधार अंकों की कटौती की है। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय दर निर्धारण समिति-मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) - बुधवार (6 अगस्त) को अगली द्विमासिक नीति दर की घोषणा करने वाली है।




विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है और अमेरिका द्वारा 7 अगस्त से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद अधिक मैक्रो डेटा का इंतजार कर सकता है। हालांकि, उद्योग जगत के एक वर्ग को बुधवार को ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि ऋण नीति जून के लिए कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के हालिया घटनाक्रम पर आधारित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जून में नीति में पहले से ही 26 प्रतिशत टैरिफ को शामिल कर लिया गया था, जो अप्रैल में स्थगित दर थी। सबनवीस ने कहा, इसलिए, टैरिफ से वास्तव में विकास पर नजरिया नहीं बदलेगा, हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि आरबीआई इस आंकड़े को कैसे देखता है। वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान में 0.1-0.2 प्रतिशत की मामूली कमी हो सकती है, यानी 3.7 प्रतिशत के बजाय 3.5-3.6 प्रतिशत। हालांकि, वर्तमान संदर्भ में, अर्थव्यवस्था के लिए तेल की लागत भी एक विचारणीय बात होगी। उन्होंने कहा, इसलिए, इस बार हमें रुख या नीतिगत दर में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है।

लचीले विकास के मोर्चे पर कुछ राहत मिलने के साथ ही रुख अधिक सतर्क रहेगा। केयरएज रेटिंग्स ने आगे कहा कि पिछली दरों में कटौती का अधूरा लाभ लोगों तक पहुंचाने के मद्देनजर, आरबीआई द्वारा आगे और कटौती नहीं करने की उम्मीद है, ताकि पहले के उपायों का पूरा प्रभाव दिखने के लिए समय मिल सके। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी से 4 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। जून में यह 2.1 प्रतिशत थी।

## भारतीय शेयर बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा

### सेंसेक्स 418 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार

**नई दिल्ली।** पिछले दिनों की गिरावट के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 418.81 अंक उछलकर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 157.40 अंक बढ़कर 24,722.75 अंक पर आ गया। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। धातु और ऑटो सेक्टर के मजबूत प्रदर्शन से घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 418.81 अंक या 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 493.28 अंक या 0.61 प्रतिशत चढ़कर 81,093.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.40 अंक या 0.64 प्रतिशत बढ़कर 24,722.75 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 50 पैसे गिरकर 87.68 (अनंतिम) पर बंद हुआ।




### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, बीईएल, अडानी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ गए।

### कमजोर अमेरिकी आर्थित नतीजों ने डाला असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पहली तिमाही के नतीजों से संकेत मिलता है कि खपत-आधारित कंपनियों को बड़ी मात्रा में मांग में तेजी से फायदा हो रहा है। इस बीच, अमेरिका में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार सृजन की धीमी गति ने फेड द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों को मजबूत किया है। हालांकि, उच्च अमेरिकी टैरिफ के कारण अभी भी सावधानी बरतने की गुंजाइश बनी हुई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यह अभी भी हर साल 35-55 किलोग्राम अंगूर और 100 बोतलों (250 एमएल प्रत्येक) का उत्पादन करती है।
- अंगूर दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं क्योंकि वे खून में नाइट्रिक एसिड के स्तर में वृद्धि करते हैं जो रक्त के थक्कों को रोकता है।
- अंगूर फ्रूट के मीठे और खट्टे स्वाद आपके मनोदशा को दुरुस्त करते हैं और आपको तनाव और अवसाद मुक्त बनाते है।
- क्या आप जानते हैं? नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि कॉनकॉर्ड के रूप में जाने जाने वाले बैंगनी रंग के अंगूर से प्राप्त रस से, स्तन कैंसर के विकास को रोका जा सकता है।
- अंगूर और किशमिश कुत्तों के लिए गंभीर रूप से विषाक्त हैं और गुर्दा की विफलता का कारण बन सकता है। अंगूर खाने के कुछ घंटो के बाद, कुत्ते को उल्टी, दस्त, अत्यधिक प्यास, अत्यधिक पेशाब और सुस्ती हो सकती है। और तो और इसका कोई विषहर औषध नहीं है! इसलिए कुत्तों को अंगूर कभी ना खिलाएं!
- क्या आप जानते हैं? ऑस्ट्रेलिया प्रति वर्ष 1.4 अरब लीटर वाइन का उत्पादन करता है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन खास रहने वाला है। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। आपको किसी का सहयोग प्राप्त होगा। माता-पिता के साथ तीर्थ स्थल पर जाने का योग है।

**वृष:** आप जीवन के सभी क्षेत्रों में सुधार करने में सक्षम होंगे और आपको प्रसिद्धि की सहज प्रगति होगी। व्यापार में उन्नति और आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार संभव है।

**मिथुन:** ऑफिस के कामों में आपकी रुचि रहेगी। नौकरी, व्यवसाय और करियर के मामलों में आगे बढ़ने का समय है। आपकी पहचान और पद में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क:** पुराने काम फायदेमंद हो सकते हैं। कोई पुराना दोस्त भी अचानक काम आ सकता है। आपके लिए जो भी काम खास हो उसे आज ही कर लें।

**सिंह:** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी काम में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। बेहतर होगा कि अपने आत्मविश्वास को कम न होने दें, पूरी लगन से काम लें।

**कन्या:** आपको व्यापार और आर्थिक प्रयासों से लाभ मिलेगा। पुराने निवेश से भी आपको लाभ मिल सकता है। आप अपनी पसंद की जगह पर जा सकते हैं।

**तुला:** आज आपको धैर्य रखना चाहिए, क्योंकि आपकी समझ और प्रयास आपको अवश्य ही सफलता दिलाएंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी।

**वृश्चिक:** आप किसी विवाद या उलझे हुए मामले को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। सफलता मिलने के योग हैं। पुरानी बातों को छोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करें।

**धनु:** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आपकी सोच और योजना स्पष्ट होगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आज आपको कई तरह के अनुभव हो सकते हैं।

**मकर:** भाग्य आपको आपके वास्तविक लक्ष्य से विपरीत दिशा में ले जाने की राह पर है। महिलाओं का सहयोग मिलेगा और सलाह के बाद काम करना फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ:** व्यावसायिक निर्णय लेने के लिए आज का दिन बेहतर है। जरूरी सामान समय पर नहीं मिलने से तनाव रहेगा। आमदनी में निश्चितता रहेगी।

**मीन:** अधिकांश काम पूरे हो सकते हैं। लाभ मिल सकता है। दोस्तों के साथ भी कोई प्रोग्राम बना सकते हैं। अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने का प्रयास करें।

## चुटकुले

गौरव ने अपनी मां से कहा -
मां, आज मैंने एक लड़के की खूब धुनाई की...!
मां ने पूछा - क्यों बेटा...?
गौरव ने कहा - उसके पास मेरा पेन था, वह मांगने पर भी नहीं दे रहा था...!
मां ने कहा - लेकिन बेटा, तुम तो अपना पेन घर पर ही भूल गए थे...!

---

मनोज - पापा, आप अंधेरे से डरते हैं...?
पापा - नहीं बेटा...!
मनोज - बादल, बिजली और शोर से...?
पापा - बिल्कुल नहीं...!
मनोज - इसका मतलब है पापा,
आप मम्मी को छोड़कर किसी से भी नहीं डरते हैं...!

---

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर आते हुए बड़बड़ा रहा था -
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...! टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364


सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# यशस्वी ने शतक से ही की थी सीरीज की शुरूआत

## सेंचुरी लगाकर ही किया अंत; इंग्लैंड के खिलाफ खेलना पसंद

**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड को ओवल में पांचवें टेस्ट में हराकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-2 से बराबर किया। टीम इंडिया ने इंग्लिश टीम के सामने 374 रन का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर सिमट गई। इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और जरूरत पड़ने पर सामने आकर इंग्लैंड गेंदबाजों का डटकर सामना किया। इनमें यशस्वी जायसवाल का नाम भी शामिल है। यशस्वी ने जिस तरह से इस सीरीज की शुरूआत की थी, खत्म भी उसी अंदाज में किया। उन्होंने लीड्स में पहली पारी में शतक लगाया था और अब ओवल में दूसरी पारी में शतक के साथ सीरीज अंत किया।




| स्कोर | विपक्षी टीम | वर्ष |
|---|---|---|
| 171 | वेस्टइंडीज | 2023 |
| 209 | इंग्लैंड | 2024 |
| 214* | इंग्लैंड | 2024 |
| 161 | ऑस्ट्रेलिया | 2024 |
| 101 | इंग्लैंड | 2025 |
| 118 | इंग्लैंड | 2025 |

### यशस्वी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलना पसंद

यशस्वी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलना भी पसंद है। उन्होंने इस सीरीज में दो शतक लगाए। इन दो शतकों के साथ उनके शतकों की संख्या छह हो गई। इनमें से चार शतक यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ लगाए हैं, जबकि वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक शतक लगाए हैं। यशस्वी ने अब तक के अपने टेस्ट करियर में दो दोहरे शतक लगाए हैं। इनमें इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल 209 रन और 214 रन की पारी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट में 171 रन, 161 रन, 101 रन और 118 रन की पारियां खेली हैं। वह अब तक अपने टेस्ट करियर में 24 मैचों की 46 पारियों में 50.2 की औसत से 2209 रन बना चुके हैं।

### इंग्लैंड दौरे पर यशस्वी ने बनाए 411 रन

यशस्वी ने इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 10 पारियों में 41.1 की औसत के साथ 411 रन बनाए। इनमें दो शतक शामिल हैं। लीड्स में यशस्वी ने 101 रन की पारी खेली थी और अब ओवल में 118 रन बनाए। यशस्वी ने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करते हुए अपनी पहली पारी में ही 171 रन बनाए थे। इसके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी जबरदस्त प्रदर्शन किया। यशस्वी के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने उन्हें भारत के सबसे भरोसेमंद युवा टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल कर दिया है। इसके साथ ही वह उन पांच भारतीय बल्लेबाजों में भी शामिल हैं, जिन्होंने एक ही टेस्ट सीरीज में 400 से ज्यादा रन बनाए।

# शुभमन बोले- हर कप्तान का सपना सिराज जैसा गेंदबाज

## ब्रुक ने कहा- डीएसपी के लिए शानदार सीरीज और नतीजा

**नई दल्ली।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर को शानदार करार दिया। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के लिए सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान माइकल एथर्टन से कहा, 'सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है। यह दशार्ता है कि दोनों टीम कितने जोश से भरी थीं और उन्होंने कितना अच्छा खेला।' भारतीय कप्तान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की जिन्होंने मैच में आठ विकेट लिए। वह हालांकि थोड़े महंगे साबित हुए। गिल ने कहा, 'जब आपके पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज हों तो कप्तानी आसान लगती है। मुझे लगता है कि पांचवें दिन हमने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी वह शानदार थी। हमें पूरा विश्वास था, रविवार को भी हमें पता था कि वे दबाव में हैं।'




**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के लिए सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की।**

इस सीरीज में एक बल्लेबाज के रूप में अपनी परिपक्वता के बारे में गिल ने स्वीकार किया कि यह संतोषजनक था। गिल ने कहा, 'मेरी बल्लेबाजी संतोषजनक रही। मेरा लक्ष्य इस सीरीज में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनना था और वहां तक पहुंचना बहुत संतोषजनक है। यह हमेशा तकनीकी और मानसिक रूप से चीजों को सुलझाने का मामला होता है, ये आपस में जुड़े हुए हैं।' छह हफ्तों की सीरीज से मिली सीख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हम कभी हार नहीं मानते।'

ब्रुक ने कहा, 'मुझे लगा था कि भारी रोलर को विकेट पर चलाए जाने के बाद पिच सपाट होगी, लेकिन बादल होने से गेंद घूम रही थी। वोक्स को उतरना ही था, लेकिन बदकिस्मती से हम जीत नहीं सके।' उन्होंने कहा, 'जब मैं और जो रूट बल्लेबाजी कर रहे थे तब हमारी पारी अच्छी चल रही थी, लेकिन इस सीरीज में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले हैं और फिनिश भी उसी तरह से हुआ। मैं मैच को जल्दी से जल्दी खत्म करना चाहता था। मैंने सीरीज में ठीक ठाक खेला, लेकिन जीत नहीं पाने का मलाल रहेगा। काफी प्रतिस्पर्धी सीरीज थी और हमने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।'

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

## हरमनप्रीत की कप्तानी में खेलने उतरेगी टीम

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित कर दी है। यह दौरा एशिया कप की तैयारियों को देखते हुए अहम माना जा रहा है। भारत 15 अगस्त से शुरू हो रहे इस दौरे में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में खेलने उतरेगा। टीम में कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया है।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने हैं चार मैच

अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालिफायर टूनार्मेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नये खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे। भारतीय टीम आठ अगस्त को बंगलूरू से ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हमारा ध्यान शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।

# कोबोली को हराकर शेल्टन क्वार्टर फाइनल में; स्वियातेक उलटफेर का शिकार, टॉसन ने दी शिकस्त



**इटली।** चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन ने 13वीं वरीयता प्राप्त इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर से होगा जिन्होंने अमेरिका के सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।


इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7, 7-6, 3-0 से आगे थे जब थकान के कारण फोकिना ने कोर्ट छोड़ दिया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# विश्व चैंपियनशिप ट्रायल्स में अंतिम पंघाल आसानी से जीतीं

## वैष्णवी और मनीषा भी भारतीय टीम में

**नई दिल्ली।** महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने रविवार को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल्स में 53 किग्रा भार वर्ग में बिना किसी परेशानी के भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किग्रा) और मनीषा भानवाला (62 किग्रा) ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ क्वालिफाई किया। अंतिम 20 साल की उम्र में सीनियर विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की पूजा और गुजरात की हिनाबेन को बिना एक भी अंक गंवाए हराया और विजेता बनीं।






अंतिम ने 2022 में देश की पहली अंडर-20 विश्व चैंपियन बनकर सुर्खियां बटोरी थीं और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया था। लेकिन वह ओलंपिक में विवादों में घिर गई थीं। पेरिस में मैट में उनका प्रदर्शन फीका रहा और उन्होंने अपनी बहन को अपने मान्यता कार्ड पर खेल गांव भेजकर बड़ा विवाद भी खड़ा कर दिया था। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार किया लेकिन ऐसा नहीं किया।

# पाकिस्तान ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज को 13 रन से हराया, सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की

**फ्लोरिडा।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले गए तीसरे टी20 में 13 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी20 सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। पहला मुकाबला पाकिस्तान ने 14 रन से और दूसरा टी20 वेस्टइंडीज ने दो विकेट से अपने नाम किया था। अब दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। तीनों मुकाबले त्रिनिदाद में खेले जाएंगे। पहला वनडे आठ अगस्त, दूसरा वनडे 10 अगस्त और तीसरा वनडे 12 अगस्त को खेला जाएगा। तीसरे टी20 में शाहिबजादा फरहान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। 190 रन के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी।



पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शाहिबजादा फरहान और सैम अयूब ने पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की। फरहान ने 53 गेंद में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 74 रन की पारी खेली। वहीं, सैम अयूब ने 49 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। हसन नवाज ने सात गेंदों में दो छक्कों की मदद से 15 रन और मोहम्मद हारिस ने दो रन बनाए। खुशदिल शाह 11 रन और फहीम अशरम 10 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर, रोस्टन चेज और शमार जोसेफ को एक-एक विकेट मिला।

190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरूआत ठीक ठाक रही। जेवेल एंड्रयू और एलिक एथिनाजे ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े कप्तान शाई होप सात रन बना सके। वहीं, शेरफेन रदरफोर्ड ने अर्धशतक जमाया। वह 35 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। रोस्टन चेज रिटायर्ड आउट हुए। वह 12 गेंद में 15 रन बना सके। रोस्टन चेज दो पूर्ण सदस्य टीमों के बीच खेले गए पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान रिटायर्ड आउट होने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। जेसन होल्डर खाता नहीं खोल सके। रोमारियो शेफर्ड चार रन और गुडाकेश मोती 10 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ, सैम अयूब और सूफियान मुकीम को एक-एक विकेट मिला।

# शुभमन की अगुआई में भारत की डब्ल्यूटीसी के नए चक्र में अच्छी शुरूआत




| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | पीसीटी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 36 | 100 |
| 2 | श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 1 | 16 | 66.67 |
| 3 | भारत | 5 | 2 | 2 | 1 | 28 | 46.67 |
| 4 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 26 | 43.33 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 | 16.67 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | न्यूजीलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | पाकिस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | द. अफ्रीका | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**मुंबई।** शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट मैच छह रनों से जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर कर दी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र 2025-27 में भारत की यह पहली सीरीज थी। इतना ही नहीं, भारत इस दौरे पर गिल के नेतृत्व में खेलने उतरा था जो पहली बार लाल गेंद के प्रारूप में कप्तानी कर रहे थे। भारत भले ही इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका, लेकिन उसने रोमांचक मैच में जीत दर्ज कर मेजबान टीम के मुंह से जीत छीन ली।

### अंक तालिका का हाल

पांचवें टेस्ट में मिली जीत से भारत को डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में फायदा पहुंचा है। ओवल टेस्ट से पहले भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में चौथे स्थान पर था, लेकिन अब वह तीसरे स्थान पर आ गया है, जबकि इंग्लैंड की टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है। भारत के फिलहाल पांच मैचों में दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ के साथ 28 अंक हैं, जबकि उसकी पीसीटी 46.67 है। भारत से आगे शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया और दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच खेले हैं और तीनों जीते हैं। वहीं, श्रीलंका ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में फिलहाल दो मैच खेले हैं जिसमें से एक जीता है और एक ड्रॉ रहा है। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में दो जीती है, जबकि दो में उसे हार मिली है। वहीं, एक मैच ड्रॉ रहा है। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर समाप्त हुई थी और इंग्लिश टीम ने 23 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए और 373 रन की कुल बढ़त हासिल की और 374 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर समाप्त हुई। जो रूट की 105 रन और हैरी ब्रुक की 111 रन की पारी भी इंग्लैंड को हारने से नहीं बचा सकी। जैसे ही सिराज ने आखिरी विकेट के रूप में एटकिंसन को यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया, भारतीय फैंस और खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सिराज दौड़ पड़े और भारतीय खिलाड़ी उन्हें गले लगाने के लिए दौड़ पड़े।

### सिराज ने इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत

मैच की बात करें तो भारत ने ओवल में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट में छह रन से जीत हासिल की है। भारत ने 374 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 367 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने आज तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया। सिराज ने पारी में पांच विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को चार विकेट मिले। आकाश दीप ने एक विकेट लिया। इसी के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। किसी क्रिकेट पंडित ने भारत को इस दौरे से पहले पसंदीदा नहीं बताया था। हालांकि, गिल की युवा टीम ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया।

**भारत के फिलहाल पांच मैचों में दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ के साथ 28 अंक हैं, जबकि उसकी पीसीटी 46.67 है। भारत से आगे शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया और दूसरे स्थान पर श्रीलंका है।**

# लॉर्ड्स और ओवल में हुई गलती की सिराज ने की भरपाई, भारत को दिलाई ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के ओवल में खेला गया। यह मुकाबला भी इस सीरीज के अन्य मुकाबलों की तरह पांचवें दिन गया। इंग्लैंड को जीत के लिए 35 और रन की दरकार थी, जबकि भारत को चार विकेट गिराने थे। इंग्लैंड की टीम सीरीज में 2-1 से आगे थी, लेकिन भारत ने मोहम्मद सिराज के दमदार प्रदर्शन से यह मुकाबला छह रन से जीता और सीरीज 2-2 से बराबर करने में सफल रहे। भारत के पास इस सीरीज को जीतने के कई मौके आए थे, लेकिन अहम मौके पर चूक ने मैच पलट दिया। सिराज दो मुश्किल मौकों को भुनाने में नाकाम रहे, जो मैच को पलट सकता था। लॉर्ड्स के बाद अब ओवल में भी कुछ ऐसा हुआ था, लेकिन अब सिराज ने इसकी भरपाई की और टीम को मिली जीत में अहम योगदान दिया।





दरअसल, ओवल में इंग्लैंड को 374 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में एक वक्त टीम ने 106 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। हैरी ब्रुक और जो रूट क्रीज पर थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी के 35वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा गेंदबाजी के लिए आए। पहली ही गेंद उन्होंने शॉर्ट लेंथ पर फेंकी। इस पर बड़े शॉट के प्रयास में ब्रुक ने इसे हवा में खेला। गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर लॉन्ग लेग पर गई। वहां सिराज बाउंड्री लाइन पर खड़े थे। उन्होंने कैच लिया, लेकिन उनका दायां पैर कैच के बाद बाउंड्री लाइन से टकरा गया। सिराज खुद को ठीक से बैलेंस नहीं कर पाए। गेंद छक्के के लिए गई। तब ब्रुक 19 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

इसके बाद तो ब्रुक ने कोई मौका नहीं दिया और बैजबॉल के अंदाज में चौके छक्कों की बारिश कर दी। उन्होंने शतक पूरा किया और 98 गेंद में 14 चौके और दो छक्कों की मदद से 111 रन की पारी खेली। आकाश दीप ने उन्हें पवेलियन भेजा, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जीवनदान मिलने के बाद ब्रुक ने रूट के साथ चौथे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी निभाई। सिराज अगर वह कैच ले लेते तो परिस्थिति कुछ और हो सकती थी, क्योंकि ब्रुक के चौथे विकेट के रूप में आउट होने के बाद भारत ने 36 रन के अंदर दो और विकेट गिरा दिए। इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 339 रन बना लिए थे। सिराज से कैच छूटने की याद उन्हें ताउम्र सताएगी। हालांकि, सिराज ने पांचवें दिन इसकी भरपाई की और दूसरी पारी में कुल पांच लेने में सफल रहे।

वहीं, उससे पहले लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के दौरान भारत को 193 रन का लक्ष्य मिला था। इसके जवाब में 112 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे। फिर रवींद्र जडेजा ने बुमराह के साथ और फिर सिराज के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाने की कोशिश की। 147 पर बुमराह आउट हुए। इसके बाद सिराज ने अपनी बल्लेबाजी का दमखम दिखाया। उन्होंने जडेजा का बखूबी साथ देते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों को थकाना शुरू किया। अपने शानदार डिफेंस का नमूना पेश करते हुए सिराज ने 29 गेंदों पर शानदार ब्लॉक किया। हालांकि, भारत का स्कोर जब 170 रन था और टीम इंडिया जीत से 23 रन दूर थी, तो शोएब बशीर की एक शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद को उन्होंने सामने डिफेंस किया। हालांकि, इसके बाद कुछ चमत्कार जैसा हुआ और गेंद ने रिवर्स स्पिन किया और सिराज के डिफेंस के बाद जमीन पर टप्पा खाकर रिवर्स स्पिन होकर विकेट से जा टकराई। इस तरह सिराज दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हुए। वह यकीन नहीं कर पाए और मैदान पर रोने लगे। इतने शानदार डिफेंस के बाद गेंद का इस तरह विकेट से टकराना किसी को समझ नहीं आया। हालांकि, भारतीय टीम को यह टेस्ट भी 22 रन से गंवाना पड़ा।

हालांकि, बतौर गेंदबाज सिराज का इस सीरीज में प्रदर्शन शानदार रहा है। वह सीरीज के लीडिंग विकेट टेकर हैं। उन्होंने पांच मैचों में 23 विकेट लिए हैं। सबसे खास बात वह इस सीरीज में पांचों टेस्ट खेलने वाले एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा इंग्लैंड की ओर से ऐसा क्रिस वोक्स ने किया। सीरीज के दौरान सिराज के जज्बे में कमी नहीं आई और यह दिखाता है कि वह क्यों टीम इंडिया के लिए अहम हैं।

### भारत पर था सीरीज गंवाने का खतरा

लॉर्ड्स में इस करीबी हार की वजह से भारत सीरीज में 1-2 से पीछे हो गया था और टीम पर सीरीज हारने का खतरा मंडरा रहा था। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भी यह सीरीज महत्वपूर्ण है। यह भारतीय टीम की इस चक्र में पहली टेस्ट सीरीज है और उसमें हार से टीम इंडिया को नुकसान हो सकता था। भारत ने एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट को 336 रन से अपने नाम किया था। वहीं, मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा था। ओवल में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की पहली पारी 224 रन पर समाप्त हुई थी। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 247 रन बनाए थे और 23 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत की दूसरी पारी 396 रन पर समाप्त हुई और इस तरह इंग्लैंड को 374 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और उसे करीबी हार का सामना करना पड़ा।

# राज्य स्तरीय अंडर-15 वॉलीबॉल खिलाड़ियों के ट्रायल 7 और 8 को

**हिमाचल प्रदेश।** हिमाचल प्रदेश के अंडर-15 बालक और बालिका वर्ग के वॉलीबॉल खिलाड़ियों के ट्रायल 7 और 8 अगस्त को शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में होंगे। हिमाचल स्कूल खेल संगठन के तत्वावधान में 7 अगस्त को छात्राओं और 8 अगस्त को छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से आरंभ होगी। शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने सभी जिलों के शिक्षा उपनिदेशकों (माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा) को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि वे जिलों में ट्रायल के आधार पर खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित करें।




प्रत्येक जिले से 8 छात्र और 8 छात्राएं इन ट्रायल में भाग लेंगी। अतिरिक्त निदेशक बीआर शर्मा ने बताया कि चयन प्रक्रिया स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से निर्धारित मापदंडों के अनुसार होगी। चयनित 8 छात्र और 8 छात्राएं महाराष्ट्र के पुणे के बालेवाड़ी इनडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय चयन शिविर में भाग लेंगे। राष्ट्रीय ट्रायल 27 व 28 अगस्त को छात्रों के और 29 व 30 अगस्त को छात्राओं के लिए होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विश्व अंडर-15 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगे। 4 से 13 दिसंबर 2025 तक अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप चीन में आयोजित की जाएगी। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ खेल किट, जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड और पांच नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लाने अनिवार्य हैं।

# धूमधाम से मनाया गया अजय गुप्ता के नाती अवयम अग्रवाल का जन्मदिन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवक अजय गुप्ता और रमा गुप्ता के नाती अवयम अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अपूर्वा अग्रवाल और शिवम अग्रवाल के पुत्र अवयम अग्रवाल के छठे जन्मदिन पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर नन्हे अवयम को आशीर्वाद प्रदान किया।




## किस पार्षद को कर दिया नगर निगम के जेई ने नोटिस जारी

नगर निगम में फूल वालों का बोलबाला है। इस पार से लेकर उस पार तक नगर निगम के सदन में कमल के फूल खिले हैं। मगर सितम ये है कि सरकार उनकी, निगम में बहुमत उनका और उसके बाद उनकी कोई नहीं सुनता। वो धरने पर बैठते हैं तो कोई लाईट काट देता है। वो सर्वसम्मति से प्रस्ताव लाते हैं और उन्हें मिनट्स बुक नहीं मिलती। अब सितम ये हुआ है कि नगर निगम के जेई ने भाजपा के पार्षद को नोटिस जारी कर दिया। मौहल्ले वाले बताते हैं कि अवर अभियन्ता ने पार्षद जी का ईलाज करने की तैयारी कर ली है। 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। नदिया पार वाले मैम्बर साहब को जेई ने बता दिया है कि भले ही आप फूल वाले हैं लेकिन ये जो रैम्प पर गमले रखे हैं वो अतिक्रमण है। रैम्प पर जनरेटर अवैध है और रैम्प ही अवैध है। जिन पार्षद के पास मौहल्ले वाले अपनी गुहार लेकर जाते हैं उन्हीं पार्षद को नगर निगम के जेई ने नोटिस दे दिया और बता दिया कि 15 दिन के अंदर खुद अतिक्रमण हटा लें और नहीं तो फिर बुल्डोजर आयेगा। ये भी बता दिया कि इसे तोड़ने का खर्चा आपसे ही वसूल किया जायेगा। अब फूल वाले मैम्बर तो बाबा के बुल्डोजर की तारीफ कर रहे थे लेकिन निगम ने तो फूल वाले को ही बुल्डोजर की हूल दे दी। किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है।

## पूर्व सांसद ने ही कराया फिर पूर्व पार्षद की समस्या का समाधान

गुरू जी पुराने चावल हैं और वो अपनों का साथ देते हैं उनकी इस अदा के सब कायल हैं। फूल वाले एक एक्स पार्षद कुछ दिनों पहले एक दस्तखत के चक्कर में पुलिसया झमेले में आ गये। पार्षद जी नेचर से फाईन हैं भले आदमी हैं लेकिन भलाई उनकी जान को आ गई। उन्हें नहीं पता था कि एक हस्ताक्षर किसी लफड़े में भी डाल सकता है। बहरहाल फूल वाले विधानसभा में हैं, फूल वाले लोकसभा में हैं, फूल वाले नगर निगम में हैं। फूल वाले विधान परिषद में हैं। फूल वाले गर्वनर हैं, फूल वाले मंत्री हैं लेकिन देखने वाली बात ये है जब किसी फूल वाले पर संकट आता है तो कौन सा फूल वाला उनके काम आता है। फूल वाले ही बता रहे हैं कि जब एक्स फूल पार्षद पर संकट आया तो मौजूदा वाला कोई काम नहीं आया। एक्स वाले के काम एक्स वाले ही आये। बताया जाता है कि पूर्व पार्षद की समस्या का समाधान पूर्व सांसद ने ही कराया। अब फूल वाले ही पूछ रहे हैं कि उन वर्तमान वालों का क्या करें जिन्हें हमने दिन-रात लग कर जिताया।

## नगर निगम में क्यों लगती है आग केवल सुबह और शाम

मिनट्स बुक की डिमांड हो रही थी और नगर निगम में अग्नि कांड हो गया। पार्षद अपनी ही सरकार में नारे लगा रहे थे और एक कर्मचारी आकर लाईट काट गया। जो पार्षद जनता के लिए फाईट करने की बात कह रहे थे, जब उनकी लाईट कटी तो उनसे फाईट नहीं हो पाई। मिनट्स बुक नहीं मिली लेकिन निगम में आग लगी, करंट आ गया और अब पूर्व पार्षद बता रहे हैं कि इस बात का भी पता लगा लो कि आखिर नगर निगम में आफिस टाईम से पहली और ऑफिस टाईम के बाद ही क्यों आग लगती है। वो मामले को फ्लैश बैक में ले गये और बताया कि यहां जब अभियन्ता जैदी थे तो उनके कमरे में भी सुबह 7 बजे आग लग गई थी क्योंकि उस समय ऑफिस नहीं खुला था तो ये नहीं पता चला कि आग क्यों लगी। आफिस खुलने के बाद सब आये तब तक आग बुझा ली गई और अब अधिकारी जो कारण बता दें वो ही सही। कई साल बाद अब जब दोबारा नगर निगम में आग लगी तो वो भी आफिस टाईम के बाद शाम को 5 बजे लगी। पूछने वाले पूछ रहे हैं कि ये नगर निगम में आग आफिस टाईम में क्यों नहीं लगती है। ये हमेशा सुबह और शाम क्यों लगती है।

# भारत विकास परिषद के शिविर में 208 बच्चों की आंखों और दांतों की हुई जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा इन्दिरापुरम की ओर से सेवा प्रकल्प के अंतर्गत सोमवार को सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल कनावनी में आंख जांच और दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। श्रेया आई सेंटर और क्लोव डेंटल क्लिनिक की ओर से आयोजित शिविर में लगभग 208 बच्चों एवं स्कूल अध्यापिकाओं व स्टाफ की जांच हुई। जिनकी भी जांच में समस्या निकली उनकी पुनः मुफ्त जांच जयपुरिया माल स्थित श्रैया आई सेंटर में होगी। स्कूल के डायरेक्टर रवि एवं प्रिंसिपल ने भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के साथियों का आभार व्यक्त करते हुए सेवा एवं संस्कार के कार्यक्रम को समाज एवं बच्चों के लिए बहुत लाभकारी बताया। श्रेया आई सेंटर के संरक्षक ओम वीरवाल, प्रांत सेवा संयोजक हेमंत वाजपेयी, वैभव पुरी, कनिका मोहित आदि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का गाजियाबाद में किया गया स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के सोमवार को गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट पर आगमन पर भाजपा गाजियाबाद महानगर इकाई द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया की अगुवाई में सम्पन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। कार्यक्रम में बुलंदशहर से सांसद डॉ. भोला सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री श्री बसंत त्यागी, सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, गाजियाबाद के संगठन के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण अवसर है कि हमें प्रदेश के दो शीर्षस्थ नेताओं का एक साथ मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गाजियाबाद संगठन की सक्रियता, कार्यकर्ताओं के समर्पण तथा सांगठनिक अनुशासन की सराहना की। उन्होंने आने वाले समय में पार्टी की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन गाजियाबाद महानगर संगठन की एकता, अनुशासन एवं कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में स्वागत की गरिमा, कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं संगठन के प्रति समर्पण भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ, जिससे संगठनात्मक ऊर्जा का सशक्त संचार हुआ।

# जिले के महान गणितज्ञ डॉक्टर मधुसूदन गर्ग की स्मृति में समर्पित सप्ताह का समापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षक कल्याण फाउंडेशन वैज्ञानिक चर्चा समिति के तत्वाधान में डॉ. मधुसूदन गर्ग स्मृति सप्ताह का समापन कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन राठी ने अतिथियों का परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य वक्ता विश्वनाथ माहेश्वरी ने विद्यार्थियों का रसायन विज्ञान विषय पर कई उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मनीष पोरवाल ने मधुसूदन गर्ग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के संयोजक जगदीश विंग ने डॉक्टर मधुसूदन गर्ग से जुड़े कुछ रोचक संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर मधुसूदन गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू गर्ग, दीप गुप्ता, वंदना वर्मा और सत्य प्रकाश आदि उपस्थित थे भी उपस्थित रहे।




## कई थ्री-स्टार करते रह गए वेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं, पर ताल और तालमेल कुछ ही इन दिनों देखने को मिल रहा है। कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बीते दिनों कई थानों को लेकर लिस्ट जारी की गई थी। तो इस लिस्ट के बाद भी कई थ्री-स्टार ऐसे भी हैं जिनकी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पोस्टिंग तय मानी जा रही थी, पर जिस तरीके से लिस्ट आई है, वह बता रही है कि अभी उन्हें वेट करना पड़ेगा। कइ तो ऐसे हैं जो लिस्ट आने के बाद वेटिंग में आ गए हैं तो कईयों की रेटिंग पर सवाल उठे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि थाना पाने के लिए कई महिला थ्री-स्टार भी जोर लगा रही थीं, पर इस वाली लिस्ट में उनका काम बन नहीं पाया है। वहीं सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि देहात जोन से लेकर नदिया पार तक ताल ठोकी जा रही थीं, पर जिस तरीके से लिस्ट आई उसमें सब साफ हो गए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से जुलाई के अंतिम दिन लिस्ट ने टविस्ट् मचाया है। ऐसा ही टविस्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगस्त महीने के अंतिम दिनों में भी देखने को मिल सकता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी कई ऐसे थ्री-स्टार दावेदार हैं, जो अभी भी अपनी ताल ठोंकने का काम कर रहे हैं। पर जिस तरीके से बीते दिनों वाली लिस्ट आई है उसे देखकर लग नहीं रहा है कि उनको अभी कहीं पर सेट किया जाएगा। देखना होगा कि आने वाले दिनों में जो लिस्ट आती है, उसमें किस थ्री-स्टार को थाने पर मौका मिलता है और किसको अभी और वेट करना पड़ेगा। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जुलाई में आई लिस्ट के बाद अभी कई और थानों के लिए नए फेस तलाशने का सर्चिंग वाला अभियान चल रहा है। अब देखना होगा कि आने वाली लिस्ट जो आएगी, उसमें नए फेस ही मौका मारेंगे या पुराने फेस पर ही भरोसा जताया जाएगा। वैसे वर्तमान वाली लिस्ट में भी कुछ नाम ही नए हैं वरना पुराने वालों ने ही मजबूती से अपनी पोस्टिंग पाई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से क्राइम से लेकर ट्रैफिक और साइबर वाले सिस्टम में अभियान और काम शुरू हुए हैं, आने वाले समय में वहां पर भी कुछ परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।



# गाजियाबाद कोलैबोरेशन ग्रुप की बैठक में हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर चर्चा

## लोगों से कोर्ट का फैसला आने तक टैक्स नहीं जमा करने की अपील



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाज़ियाबाद कोलैबोरेशन ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक इंदिरापुरम स्थित साया गोल्ड सोसायटी हॉल में आयोजित की गई, जिसमें इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, राजनगर एक्सटेंशन, सूर्य नगर, कवि नगर आदि क्षेत्रों से लगभग 150 से अधिक नागरिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई बेतहाशा वृद्धि का विरोध और उसे वापस लेने की मांग था। साथ ही जाम, सीवर, जलभराव, टूटी सड़कों, कूड़ा प्रबंधन, अतिक्रमण, पार्कों की स्थिति व प्रदूषण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रुप के सदस्य एवं समाजसेवी भूपेंद्र नाथ ने कहा कि हाउस टैक्स वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। अनुरक्षण शुल्क की समीक्षा हो। क्षेत्र की ट्रैफिक की समस्या का निदान हो 'गाजियाबाद के अलग अलग क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाई कोर्ट का फैसला आने तक कोई गृह कर जमा न करें। साथी निगम द्वारा दी जा रही सुविधा के अनुसार रूप ही गृह कर जमा किया जाए। सी पी बालियान ने अनुरक्षण शुल्क और दोहरे टैक्स का मुद्दा उठाया। तनुश्री ने साया गोल्ड के सामने ट्रैफिक की समस्या की बात रखी 'लोकसभा प्रत्याशी श्रीमति डाली शर्मा ने हर प्रकार का सहयोग गाजियाबाद कोलैबोरेशन को देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में रोहित गुप्ता, अरविंद कुमार, तनुश्री कौल, तरुण तेवतिया, भूपेंद्र नाथ, गिरीश शर्मा, मुनीश जैन, श्रीमती पताशों, श्रीमती अनुपम गुप्ता, डॉ. संजीव सक्सेना, नरेश गुप्ता, संदीप भाटी, कपिल यादव, संतोष कौशिक, गौरव सिंघल, डॉ. चमन, अग्रवाल, दिनेश कुशवाहा, एडवोकेट सुनील कुमार, सुंदर, संजय पांडे, नीतीश मिश्रा, संतोष शर्मा, के एल मल्होत्रा, नीरज त्यागी, अवधेश शर्मा सहित लगभग डेढ़ सौ लोग सम्मिलित हुए'

# वेवसिटी में पुलिस ने बलपूर्वक हटाया किसानों का धरना, आंदोलन की नई चेतावनी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। वेव सिटी थाना क्षेत्र के तहत आने वाली वेवसिटी हाईटेक टाउनशिप के मुख्य मार्ग पर चार महीने से चल रहा किसान आंदोलन को समाप्त करा दिया गया। रविवार को प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने धरनारत किसानों को मौके से हटा दिया। पुलिस ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में लेकर अलग-अलग थानों में भेज दिया, वहीं धरना स्थल को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर दिया गया। धरने में शामिल बुजुर्ग महिलाएं, पुरुष, युवा और किसान नेता-सभी को पुलिस द्वारा सड़क से खींचते और जबरन बसों में भरते हुए वीडियो और तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है। आंदोलन स्थल पर अफरा-तफरी और आक्रोश का माहौल रहा। यह आंदोलन 17 मार्च 2025 से चल रहा था, जिसकी मांग थी कि 20 मई 2014 को किसानों और वेवसिटी डेवलपर्स के बीच हुआ समझौता लागू किया जाए। इस समझौते में किसानों को 8 प्रतिशत आबादी भूखंड, नौकरी और सभी विकास सुविधाएं देने का वादा किया गया था। किसानों का कहना है कि 11 साल बीत जाने के बाद भी वादों को पूरा नहीं किया गया। प्रशासन का कहना है कि किसानों ने सेल्स ऑफिस जाने वाले मुख्य मार्ग को बाधित कर रखा था, जिसे न्यायालय ने सार्वजनिक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण माना। इसके बाद बीएनएसएस धारा 152(1) के तहत कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। उसी आदेश के अनुपालन में पुलिस और प्रशासन ने यह कार्रवाई की। किसान संगठनों ने एलान किया है कि यह आंदोलन अब खत्म नहीं, बल्कि अगले चरण में जाएगा। वे इसे एक नई लड़ाई की शुरूआत मान रहे हैं। उन्होंने चेताया कि जब तक 2014 के समझौते की पूरी तरह से पालना नहीं होती, तब तक आंदोलन अलग-अलग रूपों में जारी रहेगा।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम पार्षद पूनम सिंह ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के संगीत प्रेम को फेसबुक पर साझा किया। मयंक गोयल बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। वह संगीत के क्षेत्र में एक विशेषता रखते हैं। निगम पार्षद पूनम सिंह ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के व्यक्तित्व की खूबियां को अपनी पोस्ट से साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# टीओडी जोन के सर्वे का काम जल्द हो पूरा: अतुल वत्स

## एनसीआरटीसी और कंसल्टेंट फर्म के प्रतिनिधियों के साथ प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने की बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासन की ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलेपमेंट नीति 2022 के क्रियावयनन के अंतर्गत नमो भारत और मेट्रो के डेढ़ किलो मीटर के दायरे में टीओडी जोन विकसित किए जाने की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा एनसीआरटीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान एनसीआरटीसी व उनके द्वारा नामित कंसलटेंट फर्म के प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक के दौरान नमो भारत और मेट्रो के डेढ़ किलो मीटर के दायरे में टीओडी जोन्स के जोनल प्लान तैयार किए जाने हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से अपेक्षित सहयोग हेतु विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें मुख्यता: ड्रोन सर्वे हेतु परमिशन , मास्टर प्लान की जीआईएस फाइल सर्वे के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था हेतु सहयोग व क्षेत्र से संबंधित अन्य सहयोग भी अपेक्षित था। उपाध्यक्ष द्वारा एनसीआरटीसी व उनके द्वारा नामित कंसलटेंट फर्म को आश्वस्त किया गया कि उसे प्राधिकरण के द्वारा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, इसके लिए जरूरी समस्त दस्तावेजों की चेक लिस्ट बनाकर प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व सीएटीपी को निर्देशित किया कि फर्म से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही निराकरण कराया जाए।

### टीओडी जोन तय किया जाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

**करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने निर्देश दिए कि सर्वे के काम को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ शीघ्र दिया जा सके, साथ ही निर्धारित किए जाने वाले एरिया में निजी पूंजी निवेश को बढावा दिया जा सकें। टीओडी जोन तय किया जाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डेढ़ किलो मीटर के दायरे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आशियाना, व्यवसायिक के साथ औद्योगिक गतिविधियों को स्वीकृति दिए जाने से न केवल एनसीआर के अंतर्गत आने वाले गाजियाबाद में आवास की सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि व्यवसायिक गतिविधियों के आगे आने से रोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे। निजी क्षेत्र के लोग पूंजी निवेश कर सकें इसके लिए अधिक एफएआर व मिक्सड लेंड यूज दिए जाने की व्यवस्था सुनिष्चित की गई है। टीओडी जोन का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढावा देना, शहरों में यातायात की भीड को कम करना और रहने योग्य और टिकाउ समुदायों का निर्माण करना है। देष में खासतौर से दिल्ली,मुम्बई और अहमदाबाद जैसे शहरों में टीओडी माडल को तेजी से अपनाया जा रहा है। यह एक ऐसी शहरी योजना है जो सार्वजनिक परिवहन के आस–पास केंद्रित है, जिसमें आवासीय,वाणिज्यिक और मनोरंजन क्षेत्रों को मिलाकर एक काम्पेक्ट, पैदल चलने योग्य समुदाय बनाया जाता है। बैठक के दौरान प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, सीएटीपी अरविंद कुमार, एनसीआरटीसी के प्रतिनिधि आरके सिंह, शुशांत शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

# संघर्षविराम के बाद थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलयेशिया में बैठक



**कुआला लंपुर ।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलयेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था। उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका निभा चुका है।

जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19% कर दिया।

आज बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सदियों से शत्रुता है। एक समय दोनों शक्तिशाली साम्राज्य हुआ करते थे। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने प्रेह विहार मंदिर वाली जमीन पर कंबोडिया का हक बताया था, जिससे थाईलैंड नाराज हुआ। इसके बाद भी कई सीमा क्षेत्र ऐसे रहे, जिन्हें दोनों देश अपना बताते रहे।

2011 में प्रेह विहार में फिर से संघर्ष भड़क गया था। 2013 में आईसीजे ने पहले वाले फैसले को दोहराया, जिससे थाईलैंड और नाराज हुआ। इस साल मई में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद हालात और बिगड़े। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे पर व्यापारिक और राजनयिक प्रतिबंध लगा दिए। पिछले महीने जब थाई सैनिक लैंड माइंस से घायल हुए और थाईलैंड ने इसके लिए कंबोडिया को दोषी ठहराया, तब हालात और बिगड़ गए। दोनों देशों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई ।

# मां पीताम्बरा बगलामुखी का महायज्ञ कल्पवृक्ष के समान है : यति नरसिंहानंद गिरी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने हरमिलाप मंदिर शिवपुरी में सनातन धर्म की रक्षा,सभी हिन्दुओं के परिवारों की रक्षा और भक्तगणों की सात्विक मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु किए जा रहे मां बगलामुखी महायज्ञ के सातवें व अंतिम दिन माँ बगलामुखी की साधना पर प्रवचन करते हुए कहा कि माँ पीताम्बरा बगलामुखी का महायज्ञ कल्पवृक्ष के समान है जिसमें श्रद्धापूर्वक भाग लेकर भक्तगण अपनी प्रत्येक सात्विक मनोकामना पूर्ण कर सकते हैं।

मां बगलामुखी विजय और सद्बुद्धि की देवी हैं। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने हापुड़ चैंबर ऑफ कामर्स में हापुड़ के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक को भी संबोधित किया। सनातन वैदिक राष्ट्र की स्थापना के लिए सनातन वैदिक ज्ञानपीठ की स्थापना करनी पड़ेगी जिसके लिये प्रत्येक हिन्दू को सहयोग करना चाहिए। महायज्ञ में उनके साथ डॉ उदिता त्यागी व उनके शिष्य यति सत्यदेवानंद,यति अभयानंद , यति धमार्नंद, डॉ योगेंद्र योगी व पंडित सुनील दत्त शर्मा भी थे। महायज्ञ के पुरोहित पंडित सनोज शास्त्री हैं। महायज्ञ के यजमान विपुल मित्तल और अरुण त्यागी थे। संजीव त्यागी,पंकज गर्ग,दिनेश सिंघल,राजीव गर्ग सुरेश केडिया,सुधीर गुप्ता, अनुज गुप्ता, मयंक सहित अनेक भक्तगणों ने महायज्ञ में आहुति समर्पित की।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय सेवाराम बग्गा का मनाया गया 88वां जन्मदिवस

## संगीत संध्या 'रफी के यादगार रंग, अभिजीत के संग' का आयोजन किया गया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार शाम 5:00 बजे से रात्रि 9 :00 बजे तक लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय सेवाराम बग्गा के 88वें जन्मदिवस के उपलक्ष में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक स्वर्गीय मोहम्मद रफी केगीतों की एक संगीत संध्या का आयोजन प्रताप विहार स्थित सेवाराम बग्गा अकादमी का म्यूजिक एंड आर्ट (एस बी रिकाड्र्स एंड स्टूडियो ) के ऑडिटोरियम में किया गया। संगीत संध्या का शीर्षक 'रफी के यादगार रंग, अभिजीत शर्मा के संग' का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत के पश्चात संजय बग्गा सहित 6 बेहतरीन गायक /गायिकाओं ने अपनी मखमली आवाजों से समां बांध दिया। मंच का संचालन गायक संगीत निर्देशक एवं एस बी रिकॉड्र्स अकैडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय बग्गा ने बखूबी से निभाया।

'मैं यह सोचकर उसके दर से उठा था', 'तुम मुझे यूं भुला न पाओगे' आदि पचास से अधिक गीत प्रस्तुत किये गए। स्वर्गीय सेवाराम बग्गा को समर्पित एक लघु नाटिका शीर्षक 'पापा की डायरी' का भावपूर्ण मंचन भी अकादमी के कलाकारों द्वारा किया गया।

आमंत्रित अतिथि गणों में विशेष रूप से शामिल एन के अग्रवाल, राजीव बग्गा एडवोकेट, सपा नेता, सिंगराज अमित बग्गा उर्फ सोनू भाजपा नेता, संजय पांडेय समाजसेवी, तरुण शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, राजीव सतीजा, गौतम कपूर, हेमंत कुमार, राज ठाकुर तथा अन्य 100 से भी अधिक दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

इस अवसर पर सभी गायक गायकायों, एवं आमंत्रित अतिथियों को एसबी रिकॉड्र्स के डायरेक्टर संजय बग्गा एवं सचिव नीरू बग्गा द्वारा स्मृति चिन्ह पुरस्कार आदि भेंट किए गए। अंत में संजय बग्गा एवं नीरू बग्गा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्राधिकरण अधिकारियों ने कैलाश मानसरोवर भवन का किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में गाजियाबाद में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए आदेशों के अनुपालन में उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह और प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन के साथ अभियंत्रण की टीम के द्वारा इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ये जानने का प्रयास किया गया कि कैलाश मानसरोवर भवन के रखरखाव के लिए प्राधिकरण को किस तरह के कदम उठाने होंगे और इसके सदुपयोग के लिए क्या क्या प्रक्रिया अपनायी जा सकती है। शासनादेश के माध्यम से इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन साल में चार माह कैलाश मानसरोवर यात्रियों के उपयोग हेतु सुरक्षित रखते हुए अवशेष आठ माह के दौरान पीपीपी मोड पर पर्यटन विभाग के स्थान पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण स्तर से संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण के द्वारा शीघ्र इस कड़ी में उन एजेंसियों को आमंत्रित किया जाएगा जो कैलाश मानसरोवर भवन को संचालित करने की इच्छुक हो।

शीघ्र ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एवं धर्मार्थ विभाग द्वारा आपसी सहमति से विभागीय हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक शर्तो के साथ एमओयू निष्पादित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन दिवस पर वाल्मीकि महासभा के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का 18वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अधिवेशन के दूसरे व अंतिम दिन, समाज व संगठन के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं और निर्णय लिए गए। समापन समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा, प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागौर एवं प्रदेश संयोजक विवेक घारू ने संगठन की दिशा और समाज के उत्थान हेतु कार्ययोजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

अधिवेशन में विभिन्न राज्यों से पधारे पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और मिलकर यह संकल्प लिया कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हुए समाज के अधिकारों, शिक्षा, स्वाभिमान एवं सामाजिक न्याय के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे। यह अधिवेशन एकता, संगठन और समाज सेवा के नए संकल्पों के साथ संपन्न हुआ, जो पूरे देश में वाल्मीकि समाज को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। वाल्मीकि महासभा के नगर अध्यक्ष विक्रम डागोरिया के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज इटारसी के सभी वरिष्ठ समाजसेवियों का मंच पर पगड़ी पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

# राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति परिवार ने अन्नपूर्णा बैंकट हॉल नवयुग मार्केट गाजियाबाद में हरियाली तीज महोत्सव का कार्यक्रम किया जिसमें सैकड़ों बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से सनातन मजबूत होता है और बहनों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राज्यसभा अनिल अग्रवाल ने भी सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरडी शर्मा ने बताया हमारी संस्था हरियाली तीज महोत्सव के कार्यक्रम भी बहुत सारे जिलों में आयोजित कर रही है और पिछले 10 वर्षों से लगातार करती आ रही है।

समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए और उभरती प्रतिभाओं का सम्मान करने के लिए संस्था कार्य करती रहती है। कार्यक्रम में कई सारी बहनों ने डांस कंपटीशन, कैटवॉक कंपटीशन, लेमन स्पून दौड़ में हिस्सा लिया। डांस प्रतियोगिता में प्रियंका चमोला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कैटवॉक प्रतियोगिता में पलक गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं को संस्था का प्रतीक चीज भेंट करके सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेवी पवन कुमार त्यागी, भक्ति सिंह, सुनील वत्स, उत्तराखंड की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि चौधरी, प्रधानाचार्य रीनू शर्मा, ज्योति बिष्ट ,नीरज चौहान, वंदना चौधरी, पुष्पा पांडे, ए अंजू खोकर, रेनू शर्मा, कुसुम चौहान, अशोक पांडे, ज्योति पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष गुप्ता आदि सैकड़ों भाई बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रिचा भदोरिया ने किया।

# गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट आरडब्लूए ने आवास विकास के बिजली हैंडोवर पत्र को नकारा, विरोध में प्रतियां जलाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट आर डब्ल्यू ए ने आवास विकास परिषद के विद्युत विभाग द्वारा जारी किये गए विद्युत हैंडओवर पत्र को सिरे से नकार दिया है। सदस्यों ने सोसाइटी के मुख्य गेट पर विरोध स्वरुप हैंडओवर पत्र की प्रति जलाई। आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष ए एन त्रिपाठी ने बताया कि नियमानुसार आवास विकास परिषद को पहले यू पी पी सी एल को ट्रांसफार्मर हैंडओवर किये जाने है। उसके बाद आरडब्ल्यूए को सौंपा जाना है। मगर मानकों के अनुरूप ट्रांसफार्मर क्षमता नहीं होने के कारण यूपीपीसीएल परिषद से हैंडओवर नहीं ले रहा है। सचिव अतुल राय ने कहा कि परिषद का विद्युत विभाग आधी अधूरी ट्रांसफार्मर क्षमता के साथ हैंडओवर डायरेक्ट आरडब्ल्यूए को थोपना चाह रहा है, जिसे कदापि स्वीकार नहीं किया जायेगा। विरोध प्रदर्शन के संयोजक व आर डब्ल्यू ए विद्युत समिति के सदस्य कैलाश चन्द्र शर्मा ने परिषद द्वारा निर्मित अन्य सोसाइटी का हैंडओवर पत्र दिखाते हुये कहा कि उक्त सोसायटी में परिषद द्वारा पहले यूपीपीसीएल को पूरा विद्युत संयत्र हैंडओवर किया गया है। उसके बाद ही आर डब्ल्यू ए को सौंपा गया है। उपाध्यक्ष रंजन ने कहा कि अधिकांश फ्लैट बिकने के बाद भी आवास विकास परिषद सोसाइटी के बढे लोड अनुरूप विद्युत संयत्र क्षमता नहीं बढ़ा रहा है। जिससे रेडीडेंट्स को अक्सर बिजली गुल होने की शिकायत झेलनी पड़ रही है। विद्युत समिति के अन्य सदस्य शंकरलाल वत्स ने बताया 33केवी की लाइन पर 10000 केवीए ट्रांसफार्मर के बजाय 6400 केवीए ट्रांफार्मर क्षमता को 11केवी लाइन से जोड़ दिया गया है। यही गतिरोध का मुख्य कारण है। आर डब्ल्यू ए का कहना है कि आवास विकास परिषद ने यूपीपीसीएल के किसी पत्र को हैंडओवर पत्र का आधार बताया है। मगर संलग्नक में उक्त पत्र की प्रति नहीं लगायी गई है। जिससे स्पष्ट है कि परिषद अधूरे कार्य के साथ हैंडओवर की हड़बड़ी में है। विरोध प्रदर्शन में ए एन त्रिपाठी, रंजन, कैलाश चन्द्र शर्मा, आशीष गोयल, अमित मिश्रा, शंकरलाल वत्स, चन्दन सिंह मनराल, अखिलेश सिंह, विकास चंद्रा, अलोक शर्मा, आकाश भारद्वाज, सपना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# यमन के तट पर नाव पलटने से 68 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत

## 74 लापता, 12 को बचाया



**काहिरा।** यमन के तटवर्ती जलक्षेत्र में रविवार (स्थानीय समयानुसार) को एक नाव पलट गई। संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी ने बताया कि इस नाव दुर्घटना में 68 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई और 74 अन्य लापता हो गए। हालांकि, 12 प्रवासियों को बचा लिया गया है। यमन में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के प्रमुख अब्दुसत्तोर एसोव ने बताया कि नाव में 154 इथियोपियाई प्रवासी सवार थे। यह नाव यमन के अबयान प्रांत के तट पर पलट गई। उन्होंने बताया कि नाव दुर्घटना में 12 प्रवासियों को बचा लिया गया है। खानफर जिले में किनारे पर मिले 54 प्रवासियों के शव एसोव ने आगे बताया गया कि 54 प्रवासियों के शव खानफर जिले में किनारे पर मिले।

जबकि 14 अन्य एक अलग जगह पर मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि मृतकों को अस्पताल के मुर्दाघर में ले जाया गया है।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय श्री भगवान दास को श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह के पिता श्री भगवान दास जी का निधन 29 जुलाई को हो गया था। 04 अगस्त सोमवार को स्वर्गीय श्री भगवान दास जी की श्रद्धांजलि सभा तथा रसम पगड़ी आयोजित की गई। मेरठ नई बस्ती की सिद्धार्थ धर्मशाला में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय श्री भगवान दास के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी और डीसीपी ने किया इंदिरापुरम थाने का निरीक्षण

## जल्द शुरू होंगे कई निर्माण कार्य और सुधारा जाएगा पुलिसकर्मियों का व्यवहार



गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सोमवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने ट्रांस हिंडन जोन थाना इंदिरापुरम निरीक्षण के लिए पहुंचे। उनके पहुंचने के कुछ देर बाद एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी रवेंद्र गौतम निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क व थाने के अभिलेखों की भी जांच की। इसके बाद उन्होंने जनता से मृदुल व्यवहार रखने और त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। तो वहीं बीट पुलिसिंग और सिटीजन चार्ट का पालन करने का भी निर्देश दिया।

### महिला हेल्प डेक्स से लेकर थाना कार्यालय का जाना हाल



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने थाना निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर रखने का निर्देश दिया है। पुलिसकर्मियों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया गया है। तो वहीं थाने में वेटिंग एरिया बनाए जाने और लाइट के अलावा सीसीटीवी हर हाल में चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं संबंधित अपराध एवं अन्य रिकार्ड को भी अपडेट रखने का पुलिस कमिश्नर द्वारा आदेश दिया गया है।

### डाक ऑफिस और मालखाने को भी बेहतर बनाने का निर्देश

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने इस निरीक्षण के दौरान जहां डाक ऑफिस, मालखाना और सीसीटीएनएस ऑफिस के माल को ठीक से रखा जाए ताकि उसपर सही फैसला लिया जा सके। इस दौरान संबंधित मुकदमों के रिकॉर्ड रजिस्टर को भी अप टू डेट रखने का आदेश पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में भी उन्होंने कई थानों का निरीक्षण किया है। तो ट्रांस हिंडन जोन में वह इससे पहले खोड़ा, लिंक रोड, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन और टीलामोड पर जा चुके हैं।

# सावन के अंतिम सोमवार को भक्तों ने किया श्रीदूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक

## श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने सीएम का जताया आभार





गाजियाबाद, करंट क्राइम। सावन मास के अंतिम सोमवार को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा। भगवान दूधेश्वर के दरबार में हाजरी लगाने के लिए देश भर से आम से लेकर वीवीआईपी तक पहुंचे। सभी ने भगवान दूधेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन कर उनका गंगाजल से अभिषेक किया। मंदिर के श्रीमहंत नारायण गिरि से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। सावन के अंतिम सोमवार को जल चढाने के लिए रविवार रात्रि 10 बजे से ही भक्तों की कतारें लगने लगी थीं। भीड़ को देखते हुए मंदिर के 500 स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली। सबसे पहले श्री महंत नारायण गिरी ने भगवान की पूजा-अर्चना की व उनका अभिषेक किया। रात 1 बजे मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोला गया तो पूरा क्षेत्र ही भगवान दूधेश्वर के जयकारों से गूंज उठा। रात्रि 3 बजे प्राचीन देवी मंदिर द्वारका पुरी दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने धूप आरती व दीप आरती की। जिसके पश्चात पुन: भगवान के दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया। सांय 7 बजे भी भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया। धूप-दीप आरती के बाद भगवान को छप्पन भोग लगाए गए। भीड़ के चलते भक्तों को भगवान के दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पडा। उत्तरप्रदेश,उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात आदि से आए लाखों भक्तों ने जलाभिषेक किया।

### मंदिर में दिन भर वीवीआईपी का तांता भी लगा रहा

करंट क्राइम। भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के लिए मंदिर में दिन भर वीवीआईपी का तांता भी लगा रहा। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना की व उनका जलाभिषेक किया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने उनका स्वागत किया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने भगवान की पूजा-अर्चना करने के साथ भक्तों की सेवा भी की। धर्मपाल गर्ग, राजस्थान से ठाकुर ईश्वर सिंह, ठाकुर भंवर सिंह, ठाकुर दुर्ग सिंह, जीएसटी अधिकारी लेखराज मीणा, आदि ने भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया व महाराजश्री का आशीर्वाद लिया।

श्रीमहंत नारायण गिरी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस बार मंदिर में सावन माह, सावन के सोमवार व सावन शिवरात्रि में भक्तों की भीड़ ने सभी रिकार्ड तोड दिए। जलाभिषेक के दौरान भक्तों को कोई परेशानी नहीं हुई। शानदार व्यवस्था के लिए महाराजश्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष आभार जताया। श्रीमहंत ने कहा कि यह मुख्यमंत्री के प्रयासों का ही फल है कि इस बार की कांवड यात्रा ने महाकुंभ की तरह ही सफलता का इतिहास रच दिया।

उन्होंने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर, पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड़, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समेत सभी विभागों के अधिकारियों का भी आभार जताया, जिन्होंने ना सिर्फ शानदार व्यवस्थाएं उपलब्ध कराईं, वरन सेवक की भांति सेवा भी की। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग, उपाध्यक्ष अनुज गर्ग, श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल समेत सभी स्वयंसेवकों का भी उन्होंने आभार जताया।

# पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह पहुंचे गाजियाबाद समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सोमवार को गाजियाबाद पहुंचे। गाजियाबाद पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। समर्थकों ने उनके जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा के पूर्व सांसद और कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का सोमवार को गाजियाबाद के प्रताप विहार क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाएं पहनाईं। बृजभूषण जिंदाबाद के नारे भी लगाए। पूर्वांचल के प्रभावशाली नेता के स्वागत के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। स्वागत कार्यक्रम का आयोजन राजवर्धन सिंह के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश उपाध्यक्ष आशु ठाकुर, राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष गाजियाबाद सुमित तोमर, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री दिलीप श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष नागेश शर्मा, तथा पार्टी कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह, पुष्कर सिंह, हैप्पी यादव, अशोक सिंह, सोनू सिंह और जय भगवान नेताजी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बसपा पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी ने गाजियाबाद महानगर की बूथ एवं सेक्टर कमेटियों की समीक्षा की



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बसपा ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी की ओर से शहर विधानसभा क्षेत्र का बूथ और सेक्टर सम्मेलन शिब्बनपुरा पटेल नगर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी नौशाद अली थे। पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी नौशाद अली ने बूथ और सेक्टर कमिटियों के गठन की समीक्षा की।

जिला कमेटी की ओर से पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी नौशाद अली को बूथ एवं सेक्टर कमेटियों के गठन की पूरी जानकारी दी गई। इससे पहले नौशाद अली ने संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि नौशाद अली ने कहा कि बसपा में बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन का काम जोर-शोर से चल रहा है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकर्ता बूथ और सेक्टर कमेटियों को मजबूत करने में लगे हुए हैं। अक्टूबर महीने से पहले सभी जिलों के बूथ एवं सेक्टर की कमेटियों का गठन कर लिया जाएगा। 2027 में बहन मायावती को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ बसपा कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर मेरठ मंडल प्रभारी मेघनाथ जाटव, ओम प्रकाश कश्यप, सतपाल पीपल, मनोज जाटव महेश प्रजापति, दयाराम सेन, परमानंद गर्ग, पंकज शर्मा आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने की और संचालन मुनव्वर चौधरी ने किया।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने साइबर सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का किया आयोजन

## संगोष्ठी का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करना





गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए साइबर सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर यह कार्यक्रम इंदिरापुरम सर्किल के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव और थाना कौशांबी के तत्वावधान में वैशाली सेक्टर-3 स्थित जैन मंदिर में सम्पन्न हुआ।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करना और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम में एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा, जागरूकता ही साइबर अपराधों की सबसे प्रभावी रोकथाम है।

उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट द्वारा निरंतर अभियान चलाकर आम नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और व्यापारियों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है।

### प्रमुख बिंदु जो संगोष्ठी में साझा किए गए

1. फर्जी ई-चालान, नौकरी के नाम पर ठगी, बैंक वेरिफिकेशन के बहाने जानकारी हासिल करना और लालच भरी योजनाओं से जुड़ी ठगी के तरीके।
2. ऐसी ठगी से बचाव के लिए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह।
3. साइबर अपराध होने की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन नंबर या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करने की जानकारी।

इस दौरान थाना कौशांबी प्रभारी अजय शर्मा ने बताया कि ऐसे जागरूकता अभियान क्षेत्र में समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। साइबर सेल के अक्षय मिश्रा ने भी तकनीकी जानकारी साझा की।

संगोष्ठी में मौजूद प्रमुख व्यक्ति : नीरज राठौर (चौकी इंचार्ज वैशाली), डॉ. नमित वार्ष्णेय, मोहन दास, महिम जैन, संजीव वर्मा, विकल कुलश्रेष्ठ, हरिओम गुप्ता, के. हसन, जे.के. जैन, नवीन जैन, रेनू अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, प्रहलाद दुआ, सुनील वेद, धीरेन्द्र भदौरिया, अभिषेक जैन, अवतार कौल, दिनेश बिष्ट, जयप्रकाश झा, विजय सिंह, संजय रस्तोगी, नीरज त्यागी, नितिन बब्बर, विशेष नागर, लोकेश चौधरी, दिनेश लखेड़ा , सुभाष सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# भाजपा मंडल कार्यालय संजय नगर ने पुलिस अधिकारियों का किया अभिनंदन

## कांवड़ यात्रा के दौरान बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिया धन्यवाद





गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनगर मण्डल कार्यालय पर कांवड़ यात्रा के दौरान शानदार कार्य और बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर एसीपी कविनगर जोन भास्कर वर्मा, मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह और सेक्टर-23 चौकी प्रभारी ओम प्रकाश भगेल का पुष्प गुच्छ, माला व पटके आदि भेंट कर अभिनंदन किया गया। महानगर जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा ने कहा इस बार पुलिस का अभूतपूर्व सहयोग गाजियाबाद की जनता और लाखों कांवड़ यात्रियों को मिला है ,बगैर किसी दुर्घटना के शांतिपूर्ण तरीके से कावड़ यात्रा संपन्न हुई है इसमें गाजियाबाद पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया जाना चाहिए।

मण्डल अध्यक्ष नीरज त्यागी ने कहा प्रत्येक वर्ष कांवड़ यात्रा के समय लोग जाम से जूझते थे परन्तु इस वर्ष बिना बाधा के यात्रा संपन्न हुई है यह सब गाजियाबाद पुलिस प्रशासन के कारण ही सम्भव हो पाया है। हम सभी जनपद वासियों को प्रदेश सरकार और अपने पुलिस विभाग का हृदय से आभार प्रकट करना चाहिए साथ ही समस्त गाजियाबाद प्रशासन भी बधाई का पात्र है।

कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री अभिजीत मुखर्जी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। मुख्य रूप से महानगर मीडिया संयोजक प्रदीप चौधरी,पार्षद कपिल वशिष्ठ, महामंत्री मनोज कुमार गिरी,उपाध्यक्ष भावना जौहरी,श्रीचंद चौहान,माणिक नागर,ए.के. सिंह,मंडल मंत्री राकेश चौधरी, आई टी सयोजक संजीव गुप्ता,हरीश राजोरा, सोशल मीडिया संयोजक डॉ राकेश चावला,व्यापारी नेता विपिन गोयल,हरीश शर्मा,प्रदीप गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेश्वर यादव ,नरेंद्र चौधरी,राजीव त्यागी,मनोज त्यागी, आशीष त्यागी, सौरभ चौहान उपस्थित रहे।